राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 201
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 16 जून 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 इलेक्ट्रानिक हब के रूप में विकसित होगा नोएडा
पेज 4 यूपी में आंधी-बिजली और हीटस्ट्रोक से 32 की मौत
पेज 6 सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का बड़ा कदम, नसल प्रभावित दंतेवाड़ा

## केदारनाथ के पास हेलिकॉप्टर क्रैश, 7 लोगो की हुई मौत

**हेलिकॉप्टर सर्विस रोकी; पैदल रूट पर मलबा गिरने से यात्री की मौत, चारधाम यात्रा रुकी**

**गौरीकुंड/रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ के पास गौरीकुंड में रविवार सुबह करीब 5: 20 बजे हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। इसमें पायलट समेत सभी 7 यात्रियों की मौत हो गई। मरने वालों में महाराष्ट्र का 2 साल का बच्चा भी शामिल है। हेलिकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था।

हादसे के बाद चार धाम यात्रा हेलिकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य होगा।



इधर, जंगलचट्टी के पास खड्डु में मलबा और पत्थर गिरने से श्री बाबा केदारनाथ धाम जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाले रूट को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

पैदल मार्ग से यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं, जिनमें सड़क क्षतिग्रस्त होने से पहले केदारनाथ धाम के लिए रवाना हो चुके श्रद्धालु भी शामिल हैं, उनकी प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

### हेलिकॉप्टर क्रैश में जान गंवाने वालों की जानकारी

1. पायलट राजवीर सिंह (जयपुर, राजस्थान) 2. विक्रम सिंह रावत (ऊखीमठ, उत्तराखंड) 3. विनोद देवी (उत्तर प्रदेश) 4. तृष्टि सिंह (उत्तर प्रदेश) 5. राजकुमार सुरेश (गुजरात) 6. श्रद्धा राजकुमार जायसवाल (महाराष्ट्र) 7. काशी (महाराष्ट्र)

## संक्षिप्त खबरें

### 24 घंटे में कोरोना से 10 की मौत

**नई दिल्ली/ मुंबई/ बेंगलुरु/ तिरुवनंतपुरम।** देशभर में कोरोनावायरस के केसों और मौतों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में 10 लोगों ने जान गंवाई है। नए वैरिएंट से एक दिन में ये सबसे ज्यादा मौतें हैं। केरल में 5, दिल्ली में 3 और महाराष्ट्र में एक मरीज की मौत हुई है। जनवरी से अब तक कोरोना से 97 मरीजों की जान गई है। देश के 31 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एक्टिव केसों की संख्या 7383 पहुंच गई है। हालांकि रविवार को नया मामला दर्ज नहीं हुआ, जबकि 17 मरीज रिकवर हुए हैं। केरल में सबसे ज्यादा 2007 केस हैं। इसके बाद गुजरात में 1441 और पश्चिम बंगाल में 747 एक्टिव मामले हैं।

### 2 बोइंग ड्रीमलाइनर बीच रास्ते लौटे

**नई दिल्ली।** भारत आ रहे बोइंग के दो ड्रीमलाइनर विमान रविवार को बीच रास्ते से टेकऑफ एयरपोर्ट पर लौट आए। एक फ्लाइट लंदन से चेन्नई जबकि दूसरी फ्रैंकफर्ट से हैदराबाद आ रही थी। दोनों सोमवार को लैंड करने वाली थीं। ब्रिटिश एयरवेज का लंदन से चेन्नई आ रहा विमान बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर था। वहीं, लुफ्थांसा (एयरलाइन) का फ्रैंकफर्ट (जर्मनी) से हैदराबाद आ रहा विमान बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर था। यह घटना अहमदाबाद में एयर इंडिया बोइंग ड्रीमलाइनर क्रैश होने के कुछ दिन बाद हुई है। प्लेन क्रैश में पैसेंजर, फ्लाइट क्रू और अन्य समेत 275 लोगों की मौत हो गई थी।

## इंद्रायणी नदी पर बना पुल टूटा

**हादसे में 4 लोगों की मौत, 18 घायल; 51 को बचाया गया**



पुणे। महाराष्ट्र के पुणे जिले के मावल तहसील के कुंडमाला गांव के पास में रविवार को दोपहर 3: 30 बजे इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया। घटनास्थल पर मौजूद अधिकारियों के मुताबिक हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हैं। एनडीआरएफ की टीमों ने 51 लोगों का रेस्क्यू किया। कुछ लोग अब भी लापता है। इससे पहले हादसे के बाद घटना स्थल पर पहुंचे विधायक सुनील शेलके ने दावा किया था कि 6 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि सीएम देवेंद्र फडणवीस और पुणे जोन 2 के डीसीपी ने 2 लोगों की मौत की पुष्टि की है। 2 लोगों की मौत हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हुई। बताया जा रहा है कि यह हादसा उस वक्त हुआ, जब कई लोग नदी के तेज बहाव को देखने के लिए खड़े थे।

### हादसे वाली जगह पुणे से 30 किमी दूर

पुणे से कुंडमाला की दूरी 30 किमी है। यह जगह मुंबई के रास्ते में एक्सप्रेसवे में एंट्री करने से पहले स्थित है। वीकेंड पर यहां हजारों की संख्या में लोग पहुंचते हैं।

### पुल जर्जर था, क्षमता से ज्यादा लोग, गाड़ियों की आवाजाही भी थी

शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह पुल पहले से ही बहुत खराब और जर्जर स्थिति में था। हादसे के समय पुल पर क्षमता से अधिक पर्यटक मौजूद थे। लोग टू-व्हीलर और मोटरसाइकिल ले जा रहे थे। इसी वजह से पुल भार सहन नहीं कर सका।

## इजराइल का ईरानी विदेश मंत्रालय पर हमला



### अबतक 224 ईरानियों की मौत, ट्रम्प का दावा- दोनों देशों में जल्द समझौता होगा

**तेहरान/तेल अवीव।** ईरान और इजराइल के बीच बीते 72 घंटे से लड़ाई जारी है। इजराइल ने रविवार को ईरान के विदेश मंत्रालय पर हमला किया। इस हमले में कई लोग घायल हो गए। इसके अलावा इजराइल ने पश्चिमी ईरान में मिसाइल ठिकानों पर भी एयरस्ट्राइक की।

ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजराइली हमलों में अब तक 224 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 1,277 से ज्यादा घायल हैं। वहीं, अमेरिका में स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स ग्रुप ने ईरान में 406 लोगों के मारे जाने का दावा किया है।

दूसरी तरफ, ईरान ने भी इजराइल पर सैकड़ों मिसाइलें दागी हैं। इन हमलों में 14 लोग मारे गए और 380 घायल हो गए। ईरान का दावा है कि उसने अब तक 44 इजराइली ड्रोन और क्वाडकॉप्टर को मार गिराया गया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर दावा किया कि दोनों देशों के बीच जल्द ही समझौता होगा। साथ ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाने में फिर से अपनी भूमिका का जिक्र किया।

## पिता का शव ले जा रहे...बेटे समेत 5 की मौत

**अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर एंबुलेंस की टक्कर, लखनऊ से बिहार जा रहे थे**

**अमेठी जिला।** अमेठी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह साढ़े पांच बजे पिकअप के पीछे से एम्बुलेंस जा टकराई। एम्बुलेंस की रफ्तार 150 किमी प्रति घंटे थी। हादसे में एम्बुलेंस सवार 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर है। बेटा दो रिश्तेदारों के साथ एम्बुलेंस से पिता का शव लेकर हरियाणा से बिहार जा रहा था। पिता की भी मौत सड़क हादसे में ही हुई थी।

हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। राहगीर और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। देखा तो लोग एम्बुलेंस में फंसे हुए थे। उन्होंने किसी तरह से 4 लोगों को बाहर निकाला, लेकिन



ड्राइवर और आगे की सीट पर बैठा शख्स फंसा रह गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस बुरी तरह डैमेज हो गई। ड्राइवर और आगे की सीट पर बैठा व्यक्ति करीब 20 मिनट तक तड़पते रहे। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस और यूपीडा की टीम ने दरवाजा तोड़कर दोनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। बाकी 4 लोगों को पुलिस ने पास के सीएचसी में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान 3 और लोगों की मौत हो गई। हादसा एक्सप्रेसवे पर माइल स्टोन संख्या 59.70 के पास हुआ।

हादसे में मरने वालों की पहचान राजकुमार शर्मा, रवि शर्मा, फुलो शर्मा समस्तीपुर बिहार और एम्बुलेंस चालक सरफराज व सहयोगी आबिद निवासी हरियाणा के रूप में हुई है। इस घटना में शम्भू राय समस्तीपुर बिहार घायल हो गए हैं।

### पिता का शव लेकर जा रहा था बेटा

गुड़गांव में राजमिस्त्री का काम करने वाले अशोक कुमार शर्मा की मंगलवार सुबह एक्सीडेंट में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही उनका बेटा सतीश कुमार उर्फ राजकुमार दिल्ली से मौके पर पहुंचा। राजकुमार अपने पिता अशोक कुमार का शव लेकर समस्तीपुर के रामभद्रपुर गांव जा रहे थे। साथ में अन्य दो उनके रिश्तेदार थे। सतीश दिल्ली में देवयानी इंटरनेशनल नामक कंपनी में काम करता है, जो फूड सर्विस प्रोवाइड कराती है।

## प्रयागराज में बिजली गिरने से पति-पत्नी, 2 बेटियां जिंदा जलीं

**घर में सो रहे थे, शव कंकाल बन गए; बिजली-हीटस्ट्रोक से 24 की जान गई**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बिजली गिरने से पति-पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बच्चियों की उम्र 5 और 3 साल थी। घटना उस वक्त हुई, जब पूरा परिवार घर में सो रहा था। शव इस कदर जल चुके थे कि सिर्फ कंकाल बचे।

पूरे प्रदेश की बात करें तो पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 17 लोगों की जान जा चुकी है। ललितपुर-प्रयागराज में 4-4, औरैया में 3, हमीरपुर में 2, जालौन, संभल, बिजनौर और महोबा



में 1-1 लोगों की जान गई है। इसके अलावा, हीटस्ट्रोक से 24 घंटे में 7 लोगों की मौत हुई है। वाराणसी में 4, सोनभद्र, गाजीपुर और मिर्जापुर में 1-1 लोगों की जान गई। कल सुबह सहारनपुर, गोंडा, इटावा, संभल, बुलंदशहर और बिजनौर में तेज बारिश हुई। लखनऊ में भी सुबह 3 बजे हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 47 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किमी की स्पीड से हवाएं चलेंगी। वहीं, 18 जिलों में हीटवेव चलने की संभावना जताई है।



## हैप्पी मॉर्निंग

एक दिन संता अपने दोस्त बंता के घर गया वहां बंता और उसकी पत्नी की फोटो देखकर संता ने कहा- यार तुम दोनों की जोड़ी तो राम-सीता जैसी है

बंता- कहां यार, न तो अभी तक इसे रावण उठाकर ले गया है और न ही ये धरती में समाई...



## शायरी

ग़ुर्बत की ठंडी छाँव में याद आई उस की धूप
क़द्र-ए-वतन हुई हमें तर्क-ए-वतन के बाद

## एमपी-राजस्थान में प्री-मानसून एक्टिव

**दिल्ली-एनसीआर में बारिश,100 किमी स्पीड से हवा चली**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सहित पूरे एनसीआर में शनिवार रात से ही तेज बारिश के साथ गरज-चमक और 80-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चली। कई इलाकों में पानी भर गया है और पेड़ उखड़ गए हैं। मौसम विभाग ने लोगों से घर में ही रहने की अपील की है।

राजस्थान के गंगानगर, चूरू, बीकानेर समेत कई जिलों में दिन के बाद मौसम बदला और तेज बारिश हुई। वहीं, मध्य प्रदेश के कई जिलों में शनिवार को तेज आंधी चली। मौसम विभाग ने रविवार को भोपाल, इंदौर समेत 47 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश होने का



अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटे में बिजली गिरने से 23 लोगों की मौत हो गई। प्रयागराज में बिजली गिरने से पति-पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई, जब पूरा परिवार घर में सो रहा था। शव इस कदर जल चुके थे कि सिर्फ कंकाल बचे। गुजरात में भी शनिवार शाम से तेज बारिश का दौर जारी है। राजकोट में बिजली गिरने से एक, दाहोद में दो, मांगरोल में एक और कलोल तालुका में मोकड़ गांव के सरपंच की मौत हो गई।

## मथुरा में एक साथ 6 मकान ढहे, 3 की मौत

**10 घंटे चला रेस्क्यू; जेसीबी से मिट्टी खोद रहे थे, तभी हादसा हुआ**

**मथुरा।** मथुरा के गोविंद नगर इलाके में रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक साथ 6 मकान अचानक से भरभराकर गिर गए। हादसे के बाद 4 लोगों को मलबे से निकाला गया। इनमें से 3 की मौत हो गई। जबकि एक का इलाज चल रहा है।

एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, नगर निगम और सिविल डिफेंस की टीम ने करीब 10 घंटे तक रेस्क्यू चलाया। रात 10 बजे सर्च ऑपरेशन रोक दिया गया। सोमवार सुबह फिर रेस्क्यू शुरू होगा। मलबे में फंसे होने की पुख्ता जानकारी नहीं है। लेकिन एहतियातन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

मृतकों की पहचान तोताराम (38), दो सगी बहनें यशोदा (6) और काव्या (3) के तौर पर हुई है। लोगों ने बताया कि जब हादसा हुआ तो ऐसा लगा कि भूकम्प आ गया हो। लोगों को भागने तक का मौका नहीं मिला।


सभी 6 मकान जो ढहे हैं, वो मिट्टी के टीले पर बने हुए थे। लोगों ने बताया कि यहां बाड़े (खुली भूमि) में जेसीबी से खुदाई चल रही थी।

तभी अचानक मिट्टी धसकी और एक के बाद एक सभी मकान मलबे में तब्दील हो गए।





## अर्थसार



सेंसेक्स:
81,118.60
-573.38 (0.70%)
निफ्टी:
24,718.60
-169.60

## मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 5 : 27
सूर्यास्त सोमवार : 7 : 26

## जगन्नाथ रथ यात्रा में सिर्फ सेवक ही रथ पर चढ़ेंगे

**अन्य के चढ़ने पर सरकार सख्त कार्रवाई करेगी; मोबाइल भी बैन रहेगा**

**पुरी।** इस साल पुरी जगन्नाथ रथ यात्रा में सेवक के अलावा अन्य के रथ पर चढ़ने पर प्रतिबंध रहेगा। अगर कोई व्यक्ति रथ पर चढ़ता है तो ओडिशा सरकार उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी।

रथ पर मोबाइल इस्तेमाल पर भी प्रतिबंध रहेगा। सेवक रथ पर मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को यह जानकारी दी।

अनुशासन बनाए रखने के लिए सरकार ने पूरी रथ यात्रा के दौरान अनुष्ठान करने वाले नामित सेवकों की सूची भी मांगी है।

पुलिस महानिदेशक योगेश बहादुर खुरानिया ने रविवार को रथ यात्रा के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने कहा कि भुवनेश्वर के पास उत्तरा स्क्वायर को पुरी से जोड़ने वाली सड़क और पुरी-कोणार्क रोड पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

डीजीपी ने बताया कि भीड़ और ट्रैफिक पर नजर रखने के लिए इंटिग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बनाया जाएगा। रियल टाइम मॉनिटरिंग के लिए पुरी के अहम जगहों पर एआई-इनेबल्ड सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

**प्लेन हादसा**

**राजकोट में आज होगा अंतिम संस्कार; अब तक 86 शवों की शिनाख्त, 33 परिजन को सौंपे गए**

## अहमदाबाद प्लेन हादसा- विजय रूपाणी के शव की पहचान हुई

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी के शव की पहचान हो गई है। रविवार को उनका डीएनए मैच हो गया। परिवार के मुताबिक, राजकोट में सोमवार दोपहर 3 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। 12 जून को हुए प्लेन क्रैश में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया है। अहमदाबाद सिविल अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि 230 परिवारों से अबतक संपर्क किया जा चुका है। आज सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 86 की शिनाख्त हो गई है, 33 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट



भी उपलब्ध कराए गए।

एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन आज अहमदाबाद पहुंच सकते हैं।

शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है।

### एअर इंडिया की अहमदाबाद से लंदन (डायरेक्ट फ्लाइट) अस्थायी तौर पर स्थगित

अहमदाबाद प्लेन क्रैश की घटना के बाद एअर इंडिया और एआई एक्सप्रेस ने फ्लाइट नंबर 171 का इस्तेमाल बंद करने का फैसला किया है। अहमदाबाद-लंदन की यह फ्लाइट सप्ताह में 5 दिन संचालित होती थी। हालांकि, विमान दुर्घटना के बाद शनिवार को संचालित होने वाली लंदन फ्लाइट को सिस्टम से हटा दिया गया है। जब तक इस रूट पर कोई दूसरा विमान नहीं लगाया जाता, तब तक यह फ्लाइट संचालित नहीं होगी।

अगले कुछ दिनों तक यात्रियों को अहमदाबाद से लंदन के लिए सीधी सेवा नहीं मिल पाएगी। उन्हें मुंबई या दिल्ली के रास्ते कनेक्टिंग फ्लाइट लेनी होगी। अभी यह तय नहीं है कि एअर इंडिया इस रूट पर कब से फ्लाइट संचालित करेगी। जिन लोगों ने एडवांस बुकिंग करवाई है, उन्हें पूरा रिफंड दिया जाएगा।

# इलेक्ट्रानिक हब के रूप में विकसित होगा नोएडा

**सेक्टर-164 में 41, 500 वर्गमीटर जमीन तय, सेमीकंडक्टर , स्मार्ट फोन कंपनियां बनाएंगी यूनिट**



**नोएडा।** नोएडा को इलेक्ट्रानिक मेन्यूफेक्चरिंग हब के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए उप्र सरकार की इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 (प्रथम संशोधन-2022) को प्राथमिकता दी गई। यहां सेक्टर-164 इन कंपनियों के लिए 6 भूखंडों को रिजर्व किया गया। इन छह भूखंड पर सिर्फ इलेक्ट्रानिक मेन्यूफेक्चरिंग यूनिट को ही स्थापित किया जाएगा। साथ ही पॉलिसी के तहत जो भी लाभ है कंपनी आवंटी को दिया जाएगा। ये सभी भूखंड 5 हजार से लेकिन 8 हजार वर्गमीटर के कुल 41500 वर्गमीटर जमीन चिह्नित की गई है। इनको डेवलप किया जा रहा है।

### 10 हजार को मिलेगा रोजगार

इससे नोएडा में रोजगार बढेगा। कयास लगाए जा रहे है इस हब से करीब 10 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। करीब एक हजार करोड़ से ज्यादा का निवेश मिलेगा। प्राधिकरण ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप वन ट्रिलियन इकोनॉमी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ये बेहद जरुरी है। वर्तमान में स्मार्ट फोन, टेलीविजन, घरेलू उपकरण , सेमिकंडक्टर जैसे इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने की डिमांड बढ़ रही है।
ऐसे में ये जल्द ही योजना निकालकर यहां इलेक्ट्रानिक्स मेन्यूफेक्चरिंग यूनिट शुरू की जाएंगी। ये सेक्टर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास है।
साथ यमुना और नोएडा दोनों एक्सप्रेस वे कनेक्ट है। ऐसे में कार्गो में कोई परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा इसी सेक्टर के पास में रिहाइशी सेक्टर भी बसाए जा रहे है। ताकि इन कंपनियों में काम करने वाले लोग यहां निवास कर सके।

## किसान यूनियन का हरिद्वार में राष्ट्रीय अधिवेशन

**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में स्थित कैंप कार्यालय पर रविवार को बैठक की। बैठक में हरिद्वार में होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की योजना बनाई गई। संगठन के जिला अध्यक्ष श्यामवीर एडवोकेट ने कहा कि सरकार प्रदेश के किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रही है। इसी कारण 19 से 21 जून तक हरिद्वार में राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से हजारों कार्यकर्ता और किसान इसमें हिस्सा लेंगे। श्यामवीर ने बताया कि अधिवेशन में आगे के आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका संगठन पिछले कई वर्षों से किसानों के मुद्दों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहा है। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। जिले से बसों और अन्य वाहनों से हजारों कार्यकर्ता अधिवेशन में जाएंगे। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष बॉबी नागर, जिला मीडिया प्रभारी सुमित नागर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ब्याज पर पैसा देकर किडनैप करने वाला गिरोह पकड़ा

**ग्रेटर नोएडा में दो व्यापारी मुक्त, पांच आरोपी गिरफ्तार; दो लग्जरी कार और नकदी बरामद**

गौतम बुद्ध नगर। सूरजपुर पुलिस ने व्यापारियों को अगवा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर दो अपहृत व्यापारियों को मुक्त करा लिया है।

सूरजपुर पुलिस, सीआरटी और सर्विलांस टीम के संयुक्त अभियान में रोहित, प्रदीप मलिक, सचिन, आशीष और राहुल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 12 जून की रात यूनिटैक होरीजन सोसाइटी, पाई-2, ग्रेटर नोएडा से अपहृत चंद्रपाल यादव और सचिन को सकुशल बरामद किया।

आरोपियों से दो लग्जरी कारें (फॉर्च्यूनर और सोनेट), 75 हजार रुपये नकद, एक सैमसंग घड़ी, तीन मोबाइल फोन और आठ एटीएम कार्ड बरामद किए गए हैं।

डीसीपी शक्ति अवस्थी के अनुसार, आरोपी अपने साथी प्रवेंद्र और सुरेश दलाल (सोनीपत निवासी) के साथ मिलकर काम करते थे। ये व्यापारियों और कंपनी मालिकों से लोन दिलाने के बहाने संपर्क करते थे। प्रवेंद्र अपने बैंक खाते से व्यापारियों को बड़ी रकम ट्रांसफर करता था।





फिर कुछ दिनों बाद 30 प्रतिशत मासिक ब्याज की मांग करते थे। ब्याज न देने पर व्यापारियों का अपहरण कर लेते थे। अधिक पैसे के लिए मारपीट करते और जान से मारने की धमकी देते थे।

इस प्रकरण में भी इनके साथी प्रवेन्द्र व सुरेश दलाल ने अपहृत चन्द्रपाल यादव के पुत्र अक्षयदीप व चेतन यादव से भी उनकी कम्पनी पावन एनर्जी इंडिया प्रा0 लिमि0 सेक्टर-135 नोएडा के लिए बैंक से लोन कराने हेतु वार्ता की थी, अपहृत के पुत्रो द्वारा रजामंदी जताने पर प्रवेन्द्र द्वारा कम्पनी के खाता में सितम्बर वर्ष 2024 में 03 करोड़ रुपये भेज दिया गया तथा कुछ दिनो बाद चन्द्रपाल यादव पर 30 प्रतिशत ब्याज देने के लिए प्रवेन्द्र व उसके साथियों द्वारा दबाव बनाया गया। चन्द्रपाल यादव व उसके पुत्रो द्वारा प्रवेन्द्र व उसके साथियों को 03 करोड़ 17 लाख रुपये वापस कर दिये गये।

इसके बाद आरोपियो द्वारा चन्द्रपाल यादव पर दबाव बनाया गया कि 03 करोड़ रुपये और हमें दो। इस पर चन्द्रपाल यादव व उसके पुत्रो द्वारा असमर्थता जाहिर कर दी गयी तत्पश्चात आरोपियो द्वारा दिनांक 12.06.2025 की रात्रि में यूनिटैक होरीजन पर पहुंचकर चन्द्रपाल यादव व उसके चालक सचिन का अवैध शस्त्र के बल पर अपहरण कर लिया गया एवं उसके घर से पैसा एवं अन्य सामान भी उठा लिया गया तथा चन्द्रपाल यादव व सचिन के साथ मारपीट करते हुए उनकी फॉर्चूनर कार व कीया सोनेट कार भी अपने कब्जे ले ली और चन्द्रपाल यादव व सचिन को दोनो कार सहित लेकर सोनीपत, हरियाणा भाग गये तथा वहाँ पर उनके साथ मारपीट करते हुए 03 करोड़ रुपये और देने का दबाव बनाया गया।

आरोपी अतिरिक्त 03 करोड़ रुपये लेने के लिए रात्रि में अपहृत चन्द्रपाल यादव व सचिन को फार्चूनर कार व सोनेट कार से पुन: नोएडा लेकर आ गये। जिनको सूचना मिलने पर थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा मौके से गिरफ्तार करते हुए दोनों अपहृत को सकुशल छुडाया गया।

# दनकौर डायट केंद्र में बदलेगा शिक्षण का तरीका

**ओपन थिएटर से छात्रों को मिलेगा रचनात्मक माहौल, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भी बनेगा**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शिक्षण का तरीका बदलने जा रहा है। यहां डीएलएड प्रशिक्षुओं के लिए एक ओपन थिएटर बनाया जाएगा।
राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने इसकी कार्य योजना तैयार कर ली है।
डायट प्राचार्य राज सिंह यादव के अनुसार, संस्थान में डीएलएड की कक्षाएं चलती हैं।
ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्र अक्सर अपनी प्रतिभा और विचारों को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं कर पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने ओपन थिएटर बनाने का निर्णय लिया है।
थिएटर में संवाद कौशल के माध्यम से छात्रों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि उनकी मानसिक स्थिति को भी समझा जाएगा।
किताबी ज्ञान के बजाय रचनात्मकता और कलाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शासन ने डायट को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने की भी मंजूरी दे दी है। इसके तहत संस्थान में आधुनिक प्रयोगशालाएं, स्मार्ट बोर्ड और अन्य हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।
इन सुविधाओं से शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को समझने में मदद मिलेगी।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी गिरोह का भंडाफोड़

**किडनैपिंग की फर्जी कॉल से पकड़े गए 8 आरोपी, रुद्र ऐप से करवाते थे बैटिंग**



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा पुलिस और स्वाट टीम ने एक अंतरराष्ट्रीय सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला तब सामने आया जब अलवर से एक अपहरण की सूचना 112 पर आई।
घटना 12 जून की है, जब अलवर निवासी सुभाष चंद्र ने थाना कासना में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके बेटे भीम सिंह (22) और भतीजे नारायण (25) का अपहरण कर लिया गया है। दोनों युवक करीब 15-20 दिन पहले नोएडा में नौकरी करने आए थे।
सुभाष चंद्र को 11 जून को उनके बच्चों के मोबाइल से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने 7 लाख रुपये की फिरौती मांगी और न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए भीम सिंह की लोकेशन थाना बिसरख क्षेत्र के चैरी काउंटी में ट्रेस की।
जांच में पता चला कि आरोपी भारत में प्रतिबंधित रुद्र ऐप के जरिए अवैध क्रिकेट सट्टेबाजी का संचालन कर रहे थे। पुलिस ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के एक फ्लैट से इस गिरोह का पर्दाफाश किया। डीसीपी साथ में खान ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के साथ मैनुअल इंटेलिजेंस के माध्यम से शिकायतकर्ता के लड़के भीम सिंह के बारे में यह तथ्य प्रकाश में आया कि भीम सिंह, व्हाईट आर्किड अपार्टमेन्ट थाना बिसरख के पास है। पुलिस टीम को मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से ज्ञात हुआ कि व्हाईट आर्किंड अपार्टमेन्ट, गौर सिटी एरिया, थाना बिसरख के टावर नं0-2 के एक फ्लैट में कुछ नवयुवक रह रहे है, जिनका सम्बन्ध शिकायतकर्ता के पुत्र भीम सिंह से है।
इस सूचना के क्रम मे स्वाट टीम व कासना पुलिस द्वारा उपरोक्त फ्लैट पर पहुंचने पर वहां ध्रुव व उसके तीन अन्य साथी मिले जिनके कब्जे में मौके पर 02 लैपटॉप, लगभग एक दर्जन मोबाइल फोन, लगभग एक दर्जन अवैध सिम कार्ड, अवैध आधार कार्ड एवं कई रजिस्टर मिले जिन्होंने स्वीकार किया कि वह लोग RUDRA CRIC LOVE APP के माध्यम से अवैध अंतरराष्ट्रीय सट्टा का गिरोह संचालित करते है।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में पेंट गोदाम में आग

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के थाना बादलपुर क्षेत्र में शनिवार देर शाम को एक पेंट गोदाम में आग लग गई। धूम मानिकपुर स्थित आमका रोड पर स्थित गोदाम से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। गोदाम में रखे पेंट केमिकल्स की वजह से आग तेजी से फैल गई। आग इतनी तेज थी कि केमिकल से भरे ड्रम पास की फैक्ट्री में जा गिरे। आसपास के जिलों से भी दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं। कुल 21 दमकल गाड़ियों ने ढाई से तीन घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि, लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार के अनुसार, दमकलकर्मियों ने आग को आसपास की कंपनियों तक फैलने से रोक लिया। आग लगने के कारणों की जांच जारी है।

### व्यापारियों ने बिल्डर के खिलाफ विरोध जताया

**नोएडा।** सेक्टर-18 में वेव सिल्वर टावर के वेलफेयर एसोसिएशन के व्यापारियों ने बिल्डर के खिलाफ बैठक की। बैठक में बिजली में दोहरी वसूली, रखरखाव शुल्क के बावजूद न के बराबर सुविधाएं और खर्च की जानकारी नहीं देने समेत तमाम तरह के बिल्डर पर आरोप लगाए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वेव सिल्वर टावर वेलफेयर एसोशिएशन के अध्यक्ष मनीष चोपरा ने बताया कि बिल्डर द्वारा लगातार की जा रही अनदेखी और खर्चों की अपारदर्शिता को लेकर बैठक की गई और नाराजगी जताई गई। बिजली बिल की दोहरी वसूली की जा रही है। रखरखाव शुल्क लेने के बाद भी सुविधाएं नहीं दी जा रही है।व्यापारियों की शिकायतों पर भी सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने टावर का प्रबंधन एसोसिएशन को देने की मांग उठाई। टावर में कोई भी बड़े निर्णय को लेने से पहले जानकारी एसोसिएशन को देने की मांग की। उन्होंने कहा कि बिल्डर द्वारा जल्द उनकी मांगों को नहीं माना गया तो जिला प्रशासन, प्राधिकरण और रेरा में शिकायत करेंगे।

### शिल्पकार पोर्टल के जुलाई में लॉन्च होने की संभावना

**नोएडा।** जिले के हस्तशिल्प और हथकरघा उद्योग से जुड़े कामगारों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए शिल्पकार पोर्टल बनाने की तैयारी चल रही है। इस पोर्टल को हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन तैयार कराएगा। इस पोर्टल के जुलाई से शुरू होने की उम्मीद जताई जा रही है। सेक्टर-6 के एफ ब्लॉक में एसोसिएशन के अध्यक्ष सीपी शर्मा ने इसको लेकर संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर पोर्टल लॉन्च करने को लेकर रणनीति तय की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प और हथकरघा से संबंधित वस्तुओं के निर्माण से जुड़े लघु उद्योगों के लिए एक पोर्टल का निर्माण किया जाएगा।इसमें भारत के विभिन्न जिलों से लगभग 500 छोटे निर्माताओं के उत्पादों को शामिल किया जाएगा। इस पोर्टल के प्रचार-प्रसार के लिए एसोसिएशन प्रमुख मेलों में भाग लेगी और पहले चरण में भारत के उपभोक्ताओं को इसके बारे में जागरूक किया जाएगा। इससे वे उचित मूल्य पर देशी निर्माताओं के अच्छे उत्पादों को खरीद सकें और अपनी लागत को कम कर सकें।

### घेराव कार्यक्रम एक सप्ताह के लिए स्थगित

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय में एडवोकेट संदीप भाटी के साथ मारपीट के मामले में पुलिस कमिश्नर कार्यालय का घेराव कार्यक्रम वकीलों ने एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है। वकीलों ने इस संबंध में रविवार को डीसीपी से मुलाकात की। डीसीपी ने साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिया है। दरअसल, कोर्ट परिसर में 9 जून को एडवोकेट संदीप भाटी के साथ वकीलों के एक गुट ने मारपीट की थी। इस घटना में पिस्टल से हमला करने की भी बात सामने आ रही है। इसके बाद से पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता घटना में प्रयुक्त पिस्टल को बरामद करने की मांग कर रहे हैं।इसके लिए वकीलों ने सोमवार को सेक्टर 108 स्थित पुलिस कमिश्नर कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी थी। पूर्व अध्यक्ष उमेश भाटी एडवोकेट ने बताया कि वकीलों ने इस मामले में रविवार को डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी से मुलाकात की। डीसीपी ने वकीलों को बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। इसमें साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।पूर्व अध्यक्ष मनोज भाटी बोड़ाकी ने बताया कि पुलिस को आगामी रविवार तक का समय दिया गया है, यदि रविवार तक पिस्टल बरामद नहीं की जाती है तो सोमवार को घेराव किया जाएगा।

### शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई

नोएडा। सेक्टर-82 ईडब्ल्यूएस पॉकेट 7 अपार्टमेंट में रविवार को आरडब्ल्यूए के संयोजन में नेक्सिस हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में शुगर, ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच की गई। जनरल सर्जन डा. श्रेया, गाइनेकोलॉजिस्ट डा. जैनाब, फिजिशियन डा. विशाल ने लोगों की जांच की और उन्हें परामर्श दिया। शिविर में सौ से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राघवेंद्र दुबे ने कहा कि संयमित दिनचर्या और नियमित अंतराल पर जांच से हम गंभीर रोगों से बच सकते हैं। अनियमित जीवन शैली, फास्ट फूड की अधिकता, भागदौड़ की जिंदगी में स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देना, हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।इसके लिए सजग रहना जरूरी है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष रवि राघव, कोषाध्यक्ष सुशील पाल, गोरे लाल, सुभाष शर्मा, सर्वेश तिवारी, जगपाल यादव, किशोर कपूर, गुड्डू चौधरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा में आम्रपाली रिवर व्यू के निवासियों का विरोध

**पार्किंग, क्लब हाउस समेत कई सुविधाओं की मांग, एनबीसीसी पर लापरवाही का आरोप**




**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित आम्रपाली रिवर व्यू सोसाइटी के निवासियों ने रविवार को एनबीसीसी और सीआर कार्यालय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए।
निवासियों ने कई गंभीर समस्याओं को उजागर किया। बिल्डर द्वारा बीबीए में वादा की गई पार्किंग अभी तक सैकड़ों परिवारों को नहीं मिली है। बारिश के दौरान ओपन लॉबी से लिफ्ट शाफ्ट में पानी भरने से इलेक्ट्रॉनिक पैनल खराब हो जाते हैं।
सोसाइटी में बच्चों के लिए पार्क और हरियाली का अभाव है। पूरे प्रोजेक्ट में एक भी पेड़ नहीं लगाया गया है। निवासियों ने पोडियम पर ग्रीन जोन विकसित करने की मांग की है। क्लब हाउस में भी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। एनबीसीसी की ओर से निर्माण संबंधी समस्याओं की मरम्मत और रखरखाव में लापरवाही बरती जा रही है। निवासियों ने डीएलपी को एक साल बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो विरोध और तेज होगा।
निवासी पहले भी कई बार पत्राचार और बैठकों के माध्यम से अपनी समस्याएं रख चुके हैं। लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला है। अब उन्होंने अगले हफ्ते फिर से प्रदर्शन करने की योजना बनाई है। निवासियों का कहना है कि जब तक उनकी बुनियादी मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा।

## लिफ्ट में 30 मिनट तक फंसी रही बुजुर्ग महिला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ला रेजिडेंशिया सोसाइटी में शनिवार की देर रात लिफ्ट अचानक अटक गई। उसमें सवार बुजुर्ग महिला 30 मिनट तक फंसी रही। इस दौरान महिला की हालत खराब हो गई। आरोप है कि लिफ्ट में लगे सुरक्षा उपकरण ने ठीक से काम नहीं किया। जानकारी होने पर बिल्डर प्रबंधन ने महिला को बाहर निकाला। सोसाइटी के टावर- 26 के फ्लैट नंबर-903 में 65 वर्षीय रीता श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ रहती हैं। शनिवार की रात वह किसी काम से बाहर जा रही थीं। रात 10 बजे फ्लैट से निकली और लिफ्ट में सवार हुईं। तभी अचानक लिफ्ट थोड़ा नीचे जाने के साथ ही अटक गई।काफी देर तक उन्होंने लिफ्ट का गेट बजाया, लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया। काफी देर तक वह नीचे नहीं पहुंचीं तो परिजन ढूंढने लगे। तब जाकर लिफ्ट में फंसे होने की सूचना मिली। बाद में बिल्डर प्रबंधन ने महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। आरोप है कि इस दौरान लिफ्ट में फंसे होने के कारण महिला की हालत खराब हो गई। महिला को बीपी और शुगर की परेशानी भी है। सिक्योरिटी अलार्म ने काम नहीं किया- रीता श्रीवास्तव ने बताया कि लिफ्ट में फंसने के दौरान उन्होंने कई बार सिक्योरिटी अलार्म बजाया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। लिफ्ट में लगे एंटी रेस्क्यू सिस्टम ने भी काम नहीं किया। समय से मदद नहीं मिलने के कारण उन्हें अधिक परेशानी हुई।

## मोबाइल टावर लगाने के विरोध में उतरे सेक्टरवासी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के आवासीय सेक्टर-तीन में घर की छत पर मोबाइल टावर लगाने का आसपास के लोगों ने विरोध जताया है। इसकी लिखित शिकायत ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में की है। आरोप है कि बिना अनुमति के टावर लगाया जा रहा है। इस पर प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक ने संज्ञान लिया है। सेक्टर में रहने वाले सुधीर चौधरी ने बताया कि पॉकेट-ए स्थित मकान संख्या ए-198 की छत पर बिना किसी अधिकृत अनुमति के चोरी-छिपे मोबाइल टावर का निर्माण किया जा रहा है। यह न सिर्फ प्राधिकरण के मानकों का उल्लंघन है, बल्कि आवासीय क्षेत्र को अवैध रूप से व्यावसायिक गतिविधियों में बदलने की कोशिश की जा रही है।मोबाइल टावर से उत्सर्जित विद्युत-चुंबकीय विकिरण के कारण आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। वहीं, लोगों का आरोप है कि निर्माणाधीन मोबाइल टावर को हटाने के लिए कई बार प्राधिकरण से भी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। सेक्टर के लोगों ने प्राधिकरण से टावर को जल्द से जल्द हटाने की मांग की है। प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार निम का कहना है कि मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही मोबाइल टावर को सेक्टर से हटा दिया जाएगा।

# बाजार की सड़क पर डिवाइडर बनाने का व्यापारियों का विरोध

**नोएडा।** सेक्टर-5 और सेक्टर-4 को डिवाइड करने वाली हरौला मार्केट की सड़क पर प्राधिकरण डिवाइडर बनाने पर आमदा हैं। व्यापारियों ने कई बार इसका विरोध जताया व प्राधिकरण को लिखित रुप से भी व्यापारी हितों की रक्षा के लिए इस पर विराम लगाने की मांग की, लेकिन प्राधिकरण ने इसका टेंडर जारी कर दिया। जिसको लेकर रविवार को यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नोएडा इकाई की एक बैठक सेक्टर-5 हरौला मार्केट में हुई। जिसमें व्यापारियों ने एकमत से इसका विरोध जताने का फैसला किया। इस मामले को लेकर व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को सीईओ से भी मुलाकात करेगा।यूपी उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के चेयरमैन नरेश कुच्छल व अध्यक्ष राम अवतार सिंह ने कहा कि बैठक से पूर्व अहमदाबाद की घटना को लेकर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद बैठक में व्यापारियों की समस्याओं और समाधान विषय पर वार्ता की गई।
इसमें नोएडा प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-5 और सेक्टर-4 के बीच वाली सड़क पर डिवाइडर बनाने हेतु टेंडर स्वीकृत होने और डिवाइडर बनाने हेतु कार्य प्रारंभ करने पर चिंता प्रकट की गई। व्यापारी जनहित को देखते हुए इस टेंडर को निरस्त करने के लिए नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम से सोमवार को मिलेंगे व ज्ञापन भी सौंपेंगे।
व्यापारियों का कहना है कि इस मार्ग पर एक साइड हरौला ग्राम की घनी आबादी है व दूसरी तरफ सेक्टर-4 के ब्लॉक सी की एक हजार मीटर की बड़ी-बड़ी फैक्ट्री है। फैक्ट्री में माल यहां बड़ी-बड़ी गाड़ियों से आता है, जिन्हें लोड करते व खाली करते समय रोड पर जाम की स्थिति अभी भी बनी रहती है। पूर्व में डिवाइडर लगाया था तो इसी कारण इसे हटाना पड़ा था। डिवाइडर लगाने से इस मार्ग पर जाम लगेगा, क्योंकि सड़क की चौड़ाई बहुत कम है। इस मार्ग पर निकट में दो सब्जी मंडी भी लगाई जाती हैं जिससे भीड़ की स्थिति हर समय बनी रहती है। डिवाइडर लगाने के बाद तो और अधिक जाम की स्थिति बन जाएगी। इस बैठक में वरिष्ठ महामंत्री दिनेश महावर, मनोज भाटी, सतनारायण गोयल, राधेश्याम गोयल, मूलचंद गुप्ता, संदीप चौहान, ओमपाल शर्मा, अंकित कौशिक, विक्रांत चौहान, महेंद्र कटारिया, सुशील सिंघल, सोहनलाल, वीरपाल, धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली एनसीआर के चार सौ से अधिक शिक्षाविदों को सम्मानित किया

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा शनिवार को शिक्षाविद् सम्मान समारोह आयोजित किया गया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री डॉ अरविंद राजभर व जिले के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ राजीव नारायण मिश्रा रहे। इस दौरान ग्रेटर नोएडा, नोएडा, दिल्ली एवं गाजियाबाद के चार सौ से अधिक शिक्षाविदों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ अरविंद राजभर ने कहा कि शिक्षाविदों के प्रयासों के बिना समाज का विकास अधूरा है।
उनका सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सुधार के लिए हम सबको साथ मिलकर और ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने की जरूरत है।
वहीं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ राजीव नारायण मिश्रा ने कहा कि शिक्षाविद समाज की नींव होते हैं। उनका योगदान देश के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस प्रकार के आयोजनों से शिक्षाविदों को सम्मान मिलता है और नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर भाजयुमो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम, संस्थान के चेयरमैन डॉ राजेश कुमार गुप्ता, सीईओ स्वदेश कुमार सिंह, निदेशक डॉ भूपेंद सोम, जिला पंचायत सदस्य देवा भाटी आदि मौजूद रहे।

## डोसा सही नहीं बनाने का विरोध करने पर ग्राहक को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर अल्फा दो स्थित एक दुकानदार व उसके दो कर्मचारियों की दबंगई का वीडियो सामने आया है। डोसा सही नहीं बनाने का विरोध करने पर इनके द्वारा ग्राहक के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लिया है। बीटा दो कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर डेल्टा वन में रहने वाला एक युवक निशांत रविवार को सेक्टर अल्फा दो स्थित एक दुकान पर डोसा खाने के लिए गया था। निशांत ने दुकानदार से कहा कि डोसा सही नहीं बनाया है। इसी बात को लेकर दुकानदार व उसके कर्मचारी भड़क गए। तीनों ने मिलकर निशांत को बुरी तरह पीटा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर आरोपी दुकानदार व उसके दोनों कर्मचारियों को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि इनके खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की जा रही है।

# यूपी में आंधी-बिजली और हीटस्ट्रोक से 32 की मौत

## प्रयागराज में 4 जिंदा जले; प्राइमरी शिक्षकों के सपोर्ट में 3 विधायक, योगी को लेटर लिखा

उत्तर प्रदेश। यूपी में भीषण गर्मी के बीच रविवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। 24 घंटे में गाजीपुर, अमेठी, प्रतापगढ़ समेत 32 शहरों में बारिश हुई। संभल में सबसे ज्यादा 32.5 मिमी बरसात रिकॉर्ड की गई। यह वैज्ञानिकों के 1.1 मिमी अनुमान से से 2852 फीसदी अधिक है।

विधान परिषद सदस्य राज बहादुर सिंह चंदेल, आशुतोष सिन्हा और अरुण पाठक ने रविवार को सीएम योगी को लेटर लिखा है। बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों के लिए भी स्कूलों में 30 जून तक छुट्टी किए जाने की मांग की है। विधायकों ने कहा, जब स्कूलों में बच्चे नहीं है, तो शिक्षकों के रहने का कोई औचित्य नहीं है।

वहीं, रविवार को 12 घंटे में बिजली गिरने से 24 लोगों की मौत हुई है। प्रयागराज में बिजली गिरने से पति-पत्नी और उनकी दो बेटियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बच्चियों की उम्र 5 और 3 साल थी। घटना उस वक्त हुई, जब पूरा परिवार घर में सो रहा था। शव इस कदर जल चुके थे कि सिर्फ कंकाल बचे।



वहीं, शाहजहांपुर में आंधी-बारिश से 45 साल की एक महिला की मौत हो गई। हीटस्ट्रोक से 24 घंटे में 7 लोगों की मौत हुई। वाराणसी में 4, सोनभद्र, गाजीपुर और मिर्जापुर में 1-1 लोगों की जान गई। प्रदेश में कुल 32 लोगों की मौत हुई।

सीएम योगी ने कहा, अधिकारी सर्वे कराकर नुकसान की रिपोर्ट भेजें। पीड़ित परिवारों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। घायलों का समुचित इलाज कराया जाए। अधिकारी सर्वे कराकर नुकसान की रिपोर्ट भेजें।

मौसम विभाग ने बुधवार को प्रदेश के 47 जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया था। वहीं, 18 जिलों में हीट-वेव चलने की संभावना जताई थी।

आईएमडी के मुताबिक, 16 जून से पूर्वी यूपी में बारिश का दौर शुरू होगा, जो धीरे-धीरे पश्चिम की ओर बढ़ेगा। 18 से 20 जून के दौरान प्रदेशभर में तेज बारिश की संभावना है। इसके चलते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

# बस्ती में 12 साल की बच्ची की हत्या

## जमीन के झगड़े में चाकू से गोदा, बेटी का शव गोद में रखकर रोता रहा पिता

**बस्ती।** बस्ती में रविवार को 12 साल की बच्ची चाकू मारकर हत्या कर दी गई। एक पक्ष सुबह जमीन पर मिट्टी की पटाई का काम कर रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष ने विरोध किया। कहासुनी से बात मारपीट तक पहुंच गई। दूसरे पक्ष ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में बच्ची की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गए।



घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों और आसपास के लोगों से मामले की जानकारी ली। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामला पैकोलिया थाना क्षेत्र के जितीपुर ग्राम पंचायत का है।

### अब जानिए पूरा मामला...

गांव जितीपुर में अतुल श्रीवास्तव का पड़ोसी भाइयों दूधनाथ वर्मा और अमरनाथ वर्मा से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। अतुल का आरोप है कि अमरनाथ वर्मा ने सार्वजनिक गड्ढे को पाट दिया है। इससे उनकी नाली का पानी अतुल के घर की तरफ आ रहा है। गड्ढे वाली जमीन को दोनों पक्ष अपना बता रहे हैं। अतुल ने कुछ दिन पहले उपजिलाधिकारी हर्रैया के यहां पैमाइश की अर्जी दी थी। इसके बाद 14 जून को राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर विवादित भूमि की पैमाइश और सीमांकन किया था। इस दौरान दोनों पक्ष के लोग मौके पर मौजूद थे। सीमांकन के बाद राजस्व टीम ने भूमि को अतुल श्रीवास्तव की बताते हुए उन्हें काम करने की इजाजत दे दी थी। दोनों पक्षों ने सीमांकन पर सहमति भी जताई थी।

## प्रोजेक्ट नई किरण ने 03 परिवार का कराया पुनर्मिलन



**ललितपुर ।** स्थानीय पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद 03 परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। 03 परिवार खुशी – खुशी साथ –साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 07 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है । इस पुनीत कार्य में नई किरण प्रोजेक्ट के सदस्य अजय बरया, डॉ. दीपक चौबे ,डॉ. एस.पी. पाठक, सुधा कुशवाहा, डॉ. संजीव शर्मा , डॉ.जनक किशोरी शर्मा, एड.अरमान अजीज कुरैशी नई किरण में महिला थानाध्यक्ष स्वाति शुक्ला, महिला आरक्षी आकांक्षा का विशेष सहयोग रहा।

# प्रेमी की मौत के दूसरे दिन प्रेमिका ने तोड़ा दम

**मेरठ में दोनों ने साथ जहर खाया था, कहा- जालिम जमाने में संग जी नहीं सकते... मर जाते हैं**

**मेरठ।** मेरठ में प्रेमी की मौत के दूसरे दिन प्रेमिका ने भी दम तोड़ दिया। दोनों ने शुक्रवार को एक साथ जहर खाया था। जहर खाते वक्त कहा था कि जालिम जमाने में हम साथ जी नहीं सकते... चल साथ मर जाते हैं। दोनों ने इसी वादे के साथ दम तोड़ दिया। शुक्रवार को जहर खाने के बाद शनिवार को प्रेमी की मौत हुई और आज रविवार को प्रेमिका की भी जान चली गई। वारदात हस्तिनापुर थाना के राठोरा खुर्द गांव की है।

राठोरा खुर्द गांव में डेयरी संचालक सचिन कुमार (30) की शनिवार को अस्पताल में मौत हो गई। सचिन शादीशुदा था, उसके 2 बच्चे हैं। सचिन का अपनी ही बिरादरी की गांव की एक 18 साल की लड़की से अफेयर हो गया। युवती सचिन की डेयरी पर दूध ले जाने आती थी। इसी बीच दोनों में मोहब्बत हो गई।

युवती की अभी शादी नहीं हुई थी। इसलिए दोनों ही परिवारों और समाज को ये रिश्ता मंजूर नहीं था। दोनों परिवारों ने सचिन, युवती के मिलने-जुलने पर पाबंदी लगा दी। अपने प्यार से न मिल पाने के कारण दोनों परेशान होने लगे। दोनों ने बीच में भी एक-दूसरे से बातचीत करने और मिलने की कोशिश की। लेकिन, दोनों मिल न सके।

## गाजियाबाद आ रही फ्लाइट कोलकाता में रोकी

**गाजियाबाद।** कोलकाता से गाजियाबाद आ रही फ्लाइट कोलकाता में ही रोक दी गई। यह यात्री विमान कोलकाता से गाजियाबाद आ रहा था। कोलकाता एयरपोर्ट के टैक्सी वे पर ही फ्लाइट में टेक्निकल इश्यू आया। जिस वजह से फ्लाइट को कोलकाता में ही रोक दिया गया। हालांकि इस मामले में एयरपोर्ट के अधिकारी अधिकारिक बयान देने से बचते दिखे। कोलकाता से आने वाली फ्लाइट गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट आने के बाद गोवा के लिए रवाना होनी थी, इसलिए आज गोवा की फ्लाइट को भी कैंसिल कर दिया गया है। गाजियाबाद में एयरफोर्स का ऐयरबेस है। हिंडन पर सिविल एयरपोर्ट का अपना रनवे नहीं है। एयरफोर्स के ही रनवे पर ही विमान उतरते हैं। कई बार सुरक्षा कारणों से भी फ्लाइट कैंसिल कर दी जाती हैं।

# ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग सप्ताह का प्रथम दिवस अधिकारियों ने किया अभ्यास, दिया संदेश

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार प्रदेश में व्यापक स्तर पर ग्यारहवां अर्न्तराष्ट्रीय योग सप्ताह दिनांक 15.06.2025 से 21.06.2025 तक मनाया जा रहा है। शासन के उपरोक्त आदेश के अनुक्रम में जिला कारागार ललितपुर में दिनांक 15.06.2025 से ग्यारहवां अर्न्तराष्ट्रीय योग सप्ताह प्रारम्भ किया गया। योग सप्ताह का शुभारम्भ डा0 अर्जुनलाल अहिरवार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, ललितपुर के निर्देशन में व प्रभारी चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर, ललितपुर डा0 ममता वर्मा के नेतृत्व में उनकी टीम जिसमें डा0 हिमान्शी सिंह, डा0 विजय प्रताप सिंह, रेखा पाल एवं हेमा सोनी शामिल थीं, द्वारा बन्दियों को योगाभ्यास कराया गया एवं योग के माध्यम से होने वाले विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। सम्बन्धित टीम द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि योगाभ्यास किसी भी उम्र का व्यक्ति कर सकता है। नियमित योग करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है अपितु व्यक्ति मानसिक रुप से भी स्वस्थ रहता है। योग करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होती है जिससे व्यक्ति के बीमार होने की सम्भावना कम हो जाती है। योगाभ्यास के दौरान जेलर जीवन सिंह, उप जेलर शकुन्तला देवी एवं कारागार का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अन्त में जेलर जीवन सिंह द्वारा डा0 ममता वर्मा एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया गया।




# डीएम के ड्राइवर की बेटी का एक हत्यारोपी गिरफ्तार

## पुलिस ने मुठभेड़ में पैर में मारी गोली, लड़की पर बाइक सवारों ने की थी फायरिंग

**हाथरस।** हाथरस में पुलिस ने डीएम के ड्राइवर राकेश शर्मा की बेटी कल्पिता शर्मा की हत्या के एक आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

शनिवार देर शाम जिलाधिकारी के ड्राइवर राकेश शर्मा की बेटी कल्पिता शर्मा जब अपनी मां उर्मिला के साथ बाजार से शॉपिंग कर लौट रही थी तो सदर तहसील के गेट पर ही बुलेट सवार दो युवकों ने उसे गोली मार दी थी। राकेश शर्मा तहसील सदर परिसर में ही सरकारी क्वार्टर में रहते हैं। कल्पिता की मौके पर मौत हो गई थी। कल्पिता की मां उर्मिला और उसके पिता राकेश का आरोप था कि उनकी पुत्रवधू ज्योति के बॉयफ्रेंड गुलशन ने अपने एक साथी नवीन के साथ मिलकर यह हत्या की है। इस हत्या की साजिश में ज्योति, ज्योति की बुआ गायत्री और बुआ का बेटा श्याम उर्फ सूरज भी शामिल हैं। उनका कहना था कि उनके बेटे की पत्नी ज्योति के अवैध संबंध गुलशन से हैं।



इसका हम विरोध करते थे तो ज्योति गुलशन के साथ रहने लगी और उसने तलाक के लिए एप्लीकेशन भी दे दी। गुलशन इसी बात को लेकर हमारे परिवार से रंजिश मानता है। इसी वजह से उसने अपने साथी नवीन के साथ मिलकर मेरी बेटी की हत्या की है। इस हत्या की साजिश में मेरी पुत्रवधू ज्योति, ज्योति की बुआ गायत्री और ज्योति की बुआ का लड़का सूरज भी शामिल है।

राकेश शर्मा की तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में मामले में गुलशन, नवीन, ज्योति, गायत्री, श्याम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसके लिए पुलिस अधीक्षक ने टीमें में भी गठित कर दी थी।

### जिला अस्पताल में कराया भर्ती

अब आज रात पुलिस ने एक आरोपी नवीन पुत्र सुजान सिंह निवासी लक्ष्मणगढी थाना खैर जिला अलीगढ़ को दयानतपुर नहर पुल से बाईपास के निकट से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा भी बरामद किया है। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# बाराबंकी में दलित महिला से रेप की कोशिश

**बाराबंकी।** बाराबंकी में दलित महिला के घर में घुसकर एक दबंग युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर जब वह सफल नहीं हो पाया तो उसने महिला के मुंह में पेशाब कर दिया। जातिसूचक गालियां दीं।

जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र का है।

पीड़िता अपने दो महीने की मासूम बच्ची और सास-ससुर के साथ ससुराल में रहती है। उसका पति सूरत में मजदूरी करता है। घटना 10 जून की शाम की है। उस समय सास किसी रिश्तेदारी में गई थीं और ससुर भी किसी कार्य से बाहर गए थे। इसी बीच गांव का रहने वाला दबंग युवक अभिनव वर्मा घर में घुस आया। महिला को अकेला पाकर उसे पकड़ लिया। आरोपी ने पहले महिला के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और फिर जबरदस्ती करने की कोशिश की। जब महिला ने विरोध किया तो उसने उसकी दो महीने की बच्ची को सिर के बल पटकने की धमकी दी। इससे महिला डरकर बेबस हो गई। फिर भी जब महिला ने समझौता नहीं किया, तो आरोपी ने उसके मुंह में पेशाब कर दिया।

घटना के बाद पीड़िता ने पति और ससुर को पूरी जानकारी दी। इसके बाद थाने में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया गया।

## मैरिज एनिवर्सरी पर इंजीनियर की मौत

**कानपुर।** कानपुर में किडनी में पथरी के ऑपरेशन के दौरान सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत हो गई। डॉक्टरों ने परिजनों से मौत की बात छिपा ली। इसके बाद घरवालों से कहा- पेशेंट सीरियस है, आप कहीं और ले जा सकते हो। पत्नी ने ढ्ष्ट में जबरन घुसकर देखा, तब मामले का खुलासा हुआ। इसके तुरंत बाद डॉक्टरों ने भी इंजीनियर को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाकर शनिवार देर रात 3 बजे तक हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजनों को शांत करवाया। मामला लाजपत नगर के केएमसी अस्पताल का है। इंजीनियर की मौत के बाद मां-बाप और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पत्नी ने बताया- 14 जून को ही हमारी शादी की 5वीं सालगिरह थी। हमारी तो दुनिया उजड़ गई। शास्त्री नगर निवासी विशाल तिवारी (37) हैदराबाद की एक आईटी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। अभी घर से ही काम कर रहे थे। पत्नी सौम्या ने बताया-12 जून को उन्हें अचानक से पेट में दर्द हुआ। इसके बाद केएमसी हॉस्पिटल में दिखाया। डॉ. शुभेंदु भादुडी ने किडनी में स्टोन होने की बात कहकर उन्हें शाम 5 बजे अस्पताल में एडमिट कर लिया। कहा- एक छोटे से लेजर ऑपरेशन से ठीक हो जाएंगे। 13 जून को डॉक्टरों की टीम उन्हें ऑपरेशन थिएटर में ले गई, लेकिन कई घंटे तक उन्हें बाहर नहीं निकाला।

## वाराणसी में दलित महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव

वाराणसी। वाराणसी के मिर्जामुराद में रविवार को महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर चारपाई पर मिला। उसकी नाक से खून निकल रहा था और चूड़ियां टूटी थी। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। महिला की हत्या की आशंका जताई, हालांकि पुलिस की जांच में कुछ सुराग नहीं मिला। दलित महिला के शव को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मामले में पुलिस आसपास के सीसीटीवी और लोगों से पूछताछ कर रही है। बताया गया कि पति गंगाराम की 1 साल पहले मौत हो गई थी। महिला बुनकरी का काम करती थी।

# निजी अस्पताल की लापरवाही से गई जच्चा-बच्चा की जान

## सीएमओ एसे अस्पतालों का जांच करने में करते हैं कोताही

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** जमानिया मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में शुक्रवार की रात प्रसव के लिए भर्ती की गई गर्भवती महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के पति ने अस्पताल संचालिका आरती सिंह पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कोतवाली में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। शादियाबाद थाना क्षेत्र के गुरैनी गांव निवासी संतोष कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी ममता (32) को प्रसव पीड़ा होने पर रात करीब 10 बजे जमानिया मोड़ स्थित निर्मल क्लीनिक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। संचालिका आरती सिंह ने इलाज शुरू किया, लेकिन आरोप है कि इलाज में गंभीर लापरवाही बरती गई।

संतोष का कहना है कि जब उन्होंने पत्नी की स्थिति जाननी चाही तो संचालिका ने भ्रामक जानकारी दी और अभद्रता भी की। कुछ देर बाद गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई और ममता की हालत भी बिगड़ती चली गई। समय पर उचित इलाज नहीं मिलने से ममता की भी मौत हो गई।

घटना की जानकारी होते ही मायके और ससुराल पक्ष के लोग अस्पताल पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मॉर्च्यूरी में रखवाया और शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाल दीनदयाल पांडेय ने बताया कि मृतका के पति की तहरीर पर निर्मल क्लीनिक की संचालिका आरती सिंह और एक अज्ञात के खिलाफ लापरवाही से मृत्यु की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

# शार्ट न्यूज

## पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के वांछित आरोपी को सैदपुर चौराहा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी ,महरौनी आशीष मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना महरौनी पर पंजीकृत मु0अ0स0- 250/2025 धारा 137(2)/64 बीएनएस व ¾ पाक्सो एक्ट थाना महरौनी में वाँछित अभियुक्त सुरेन्द्र पुत्र इमरत प्रजापति उम्र करीब 19 वर्ष नि0 ग्राम गुरयाना थाना नाराहट ललितपुर को मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम सैदपुर चौराहा बहद ग्राम सैदपुर थाना महरौनी से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त सुरेन्द्र उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र उ.नि. सतीश कुमार का. दयानन्द म.का. सोनी गुप्ता आदि शामिल रहे।

## 24 घंटे में दो लूट करने वाला गैंग गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। पुलिस ने बाइक और स्कूटी से ओवरटेक कर लूटपाट करने वाले 10 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने सदर कोतवाली क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर दो वारदात की थी। पहली वारदात 12 जून की रात ढाई बजे हुई। दो बाइक और एक स्कूटी पर सवार बदमाशों ने हरिद्वार से लौट रहे सीतापुर निवासी अजय कुमार और उनके दोस्त दीपक को धोबहा गांव के पास रोका। बदमाशों ने दोनों की पिटाई कर मोबाइल, बैग, आधार कार्ड और 8500 रुपये लूट लिए। दूसरी वारदात अगले दिन दोपहर एक बजे थाना नीमगांव के मुकरहटा गांव में हुई। बदमाशों ने रफीक की बाइक रोककर नकदी, मोबाइल और पर्स लूट लिया। पुलिस ने बाइक और स्कूटी के नंबरों के आधार पर मामला दर्ज किया। सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने रविवार को सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों में विशाल गौतम, विवेक वाल्मीकि, दीपक गौतम, अतुल शुक्ला, रवि, शैलेश कुमार, कुबेर वर्मा, राजा उर्फ सचित्र सिंह, अर्जित वर्मा और शेखर शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से लूटा गया सामान, 5000 रुपये नकद, दो बाइक और एक स्कूटी बरामद की। चोरी की धारा को डकैती में बदलकर सभी आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

## एक्सीडेंट में कारोबारी और पत्नी की मौत

**झांसी।** झांसी में सड़क हादसे में कारोबारी और उनकी पत्नी की मौत हो गई। जबकि उनके मासूम बेटा-बेटी और ड्राइवर घायल हो गए। सभी कार से पीतांबरा माता के दर्शन करने जा रहे थे। रास्ते में पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार के परखच्चे उड़ गए और दंपती की मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर भाग गया। हादसा पूंछ थाना क्षेत्र के कानपुर-झांसी हाइवे पर ढेरी पुलिया के पास हुआ है। मृतकों की पहचान शिव गिरजेश शुक्ला (38) पुत्र गिरीश और उनकी पत्नी अन्नू शुक्ला (35) के रूप में हुई है है। दोनों कानपुर नगर के जाजमऊ थाना क्षेत्र के ताड़ बगिया के रहने वाले थे। परिजनों ने बताया कि शिव गिरजेश कोल्डड्रिक कंपनी के डीलर थे। शनिवार शाम को वह कार से पीतांबरा माता के दर्शन करने के लिए दतिया जा रहे थे। साथ में उनकी पत्नी अन्नू, 3 साल का बेटा केशव और 13 साल की बेटी शिवन्या व ड्राइवर अनुराग भी थे। जब वे कानपुर-झांसी हाइवे पर ढेरी पुलिया के पास पहुंचे तो एक अज्ञात ट्रक को ओवरटेक कर रहे थे। तभी ट्रक ने साइट से टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित होकर पलट गई।

## चाइनीज मांझे से युवक का कान कटा

**हापुड़ ।** हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में चाइनीज मांझे से एक और हादसा सामने आया है। एक युवक की चाइनीज मांझे की चपेट में आकर कान कट गया। जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार महादेव राणा पट्टी के रहने वाले रुद्र तोमर रविवार शाम को बाइक से जटपुरा गांव दूध लेने गए थे। वापसी के दौरान वह चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। मांझे से उनका कान कट गया और वह बाइक से गिरकर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रतिबंध के बावजूद क्षेत्र में चाइनीज मांझे की खुलेआम बिक्री हो रही है। इससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि मांझा बेचने वालों के खिलाफ सघन अभियान चलाया जाएगा। दुकानदार या कोई व्यक्ति मांझा बेचते पकड़ा गया तो उस पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। एसडीएम शुभम श्रीवास्तव ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस मांझे का उपयोग न करें। साथ ही इसकी बिक्री की सूचना प्रशासन को दें।

## दो मंजिला घर से गिरकर युवक की मौत

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती के इकौना क्षेत्र के पश्चिमी केवटन पुरवा गांव के 25 वर्षीय कल्लू राम की लुधियाना में दो मंजिला इमारत से गिरकर मौत हो गई। कल्लू पिछले तीन साल से लुधियाना की एक फैक्ट्री में काम करता था। वह 15 दिन पहले ही घर से लुधियाना लौटा था। कल्लू अपने पिता घनश्याम का दूसरा बेटा था। उसका बड़ा भाई लवकुश शादी के बाद अलग रहता है और परिवार से कोई संबंध नहीं रखता। छोटा भाई घर पर रहता है। परिवार की आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है। पिता घनश्याम मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। परिवार में तीन बेटियां हैं, जिनकी शादी की जिम्मेदारी कल्लू ने ली थी। एक बहन की शादी तय थी, लेकिन पैसों की कमी के कारण टल रही थी। रविवार को जब कल्लू का शव गांव पहुंचा, तो परिवार में मातम छा गया। मां और बहनें बेसुध हो गईं। घनश्याम ने शासन-प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि मदद मिले तो बेटियों की शादी कर सकें और घर का खर्च चला सकें। दुर्घटना के बाद कल्लू को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

## बस्ती में 2 दिन में दूसरा अज्ञात शव मिला

**बस्ती।** बस्ती जिले में अपराधिक घटनाओं का सिलसिला जारी है। रुधौली क्षेत्र में मिले शव के मामले की जांच चल ही रही थी कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में एक और अज्ञात शव मिला है। केऊआ जप्ती स्थित एक भट्ठे के पास स्थानीय लोगों ने शव देखा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव इतना सड़-गल चुका है कि पहचान करना मुश्किल हो रहा है। घटनास्थल की जांच में कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। टायरों के निशान और ठेले के पहियों के चिह्न मिले हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि शव को वाहन या ठेले से यहां लाया गया है। पुलिस का मानना है कि हत्या कहीं और की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शव की स्थिति को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। नमूनों की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आसपास के क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्टों से मिलान किया जा रहा है। जिले में लगातार मिल रहे अज्ञात शवों से लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय नागरिकों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष बढ़ रहा है।

## विवाहिता का फंदे से लटकता मिला शव

**कौशांबी।** कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में रविवार शाम को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। विवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के पश्चिम शरीरा गांव निवासी लालबहादुर ने बताया कि उसने अपनी बेटी अंजली उर्फ शिवानी की शादी 15 दिसंबर 2023 को चक माहपुर निवासी रामबाबू पुत्र धर्म नारायण उर्फ बच्चा के बेटे के साथ की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही बेटी को दहेज को लेकर ससुराल पक्ष प्रताड़ित करने लगा। लालबहादुर का आरोप है कि शिवानी जब भी मायके आती थी, रो-रोकर अपनी आपबीती बताती थी। ससुर धर्म नारायण, देवर रामानंद, सास और पति रामबाबू पांच लाख रुपये की मांग कर उसे मारते-पीटते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### इस्राइल ने युद्ध शुरू किया, हम उनको भागने नहीं देंगे, खामेनेई की नेतन्याहू को चेतावनी

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान और इस्राइल के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। इस्राइल के हमलों के बाद ईरान ने भी पलटवार किया है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इस्राइल को चेतावनी दी है। खामेनेई ने बदला लेने की कसम खाई है। एक संदेश में ईरानी नेता ने कहा कि इस्राइल ने युद्ध शुरू किया। हम उन्हें उनके द्वारा किए गए इस महान अपराध से सुरक्षित रूप से भागने नहीं देंगे। इस्राइल के हमले के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने कहा कि हम इस्राइली हमलों का बदला लेंगे। ईरानी सेना जवाबी हमले के लिए तैयार है। यह मत सोचिए कि उन्होंने हमला किया और सब खत्म हो गया, नहीं। उन्होंने काम शुरू किया और युद्ध शुरू किया। हम उन्हें उनके द्वारा किए गए इस महान अपराध से सुरक्षित रूप से भागने नहीं देंगे। एक्स पर पोस्ट में खामेनेई ने कहा कि इस्राइली शासन ने बड़ी गलती की है, एक गंभीर त्रुटि की है, और लापरवाह काम किया है। इसका परिणाम यहूदियों के शासन को बर्बाद कर देगा। ईरानी राष्ट्र अपने लोगों के खून का बदला लिए बिना नहीं रहेगा, न ही वह अपने हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को अनदेखा करेगा। हमारे सशस्त्र बल तैयार हैं, और देश के अधिकारी और सभी लोग सशस्त्र बलों के पीछे हैं। खामेनेई ने कहा कि हम इस्राइल पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। हमें यहूदियों को कड़ा जवाब देना चाहिए। हम ताकत के साथ जवाब देंगे। यहूदियों के लिए अब जीवन कठिन हो जाएगा। हमारी सेनाएं दुश्मन को कड़ी टक्कर देंगी। ईरानी लोग हमारे साथ हैं। वे सशस्त्र बलों का समर्थन करते हैं, और ईरान के लोग निश्चिंत रहें और आश्वस्त रहें कि हर संभव प्रयास किया जाएगा। हमारी सेनाएं यहूदियों को भारी नुकसान पहुंचाएंगीं। उन्होंने कहा कि ईरानी लोग हमारे साथ हैं। वे सशस्त्र बलों का समर्थन करते हैं और ईश्वर की इच्छा से ईरान यहूदियों के शासन पर विजय प्राप्त करेगा।

### गाजा युद्धविराम पर हुए मतदान से भारत की दूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में गाजा के लिए तत्काल, बिना शर्त और स्थायी युद्धविराम की मांग वाले मसौदा प्रस्ताव पर मतदान से भारत ने दूरी बनाई है। महासभा में स्पेन द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव पर मतदान हुआ। इसमें तत्काल, बिना शर्त तथा स्थायी युद्धविराम तथा हमास व अन्य समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की तत्काल तथा बिना शर्त रिहाई की मांग की गई। भारत समेत 19 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। इसके पक्ष में 149 मत पड़े जबकि 12 देशों ने विरोधी मत दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि यह प्रस्ताव गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति की पृष्ठभूमि में लाया गया है। भारत गहराते मानवीय संकट से चिंतित है और नागरिकों की मौत की घटना की निंदा करता है। भारत हमेशा द्विराष्ट्र समाधान के पक्ष में : हरीश ने कहा, भारत हमेशा शांति-मानवता के पक्ष में रहा है। भारत ने हमेशा इस्राइल-फलस्तीन मुद्दे के लिए बातचीत से द्विराष्ट्र समाधान का समर्थन किया है, ताकि एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फलस्तीन राज्य की फिर से स्थापना हो सके।

### बांग्लादेश में अगले साल फरवरी में हो सकते है चुनाव

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अगले साल फरवरी में राष्ट्रीय चुनाव कराने की संभावना का संकेत दिया है। यूनुस ने कहा, यदि राजनीतिक और न्यायिक सुधारों पर पर्याप्त प्रगति हुई, तो रमजान से पहले के सप्ताह में चुनाव कराए जा सकते हैं। इससे पहले उन्होंने अप्रैल के महीने में चुनाव कराने की घोषणा की थी। बता दें कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान ने अंतरिम सरकार से आग्रह किया था कि चुनाव रमजान से पहले कराए जाएं। दरअसल, इस समय यूनुस और बीएनपी के तारिक रहमान दोनों लंदन में है। यूनुस की टिप्पणी दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद की गई है। विपक्षी समूह चुनाव जल्द से जल्द कराने के लिए दबाव बना रहे हैं। बीएनपी ने चेताया कि यदि चुनाव दिसंबर से आगे टाले गए तो जनता में अशांति फैल सकती है।

### यूक्रेन को वापस मिले 1,200 सैनिकों के शव, इस्तांबुल शांति वार्ता के बाद बड़ा आदान-प्रदान

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच लगभग तीन साल से चल रहे संघर्ष के बाद इस्तांबुल में हुई शांति वार्ता के बाद यूक्रेन को अपने 1200 सैनिकों के शव वापस मिले हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। यूक्रेन के कैदियों के मामलों के समन्वय मुख्यालय ने बताया कि यह शव रूसी पक्ष ने सौंपे हैं, जिनमें अधिकतर यूक्रेनी सैनिकों के हैं। शवों की वापसी यूक्रेन की सेना, सुरक्षा सेवा, गृह मंत्रालय और अन्य सरकारी एजेंसियों की मदद से हुई। जिसके बाद अब फॉरेंसिक विशेषज्ञ इन शवों की पहचान करेंगे। बता दें कि यह अब तक का सबसे बड़ा शवों का आदान-प्रदान माना जा रहा है, जो रूस के यूक्रेन पर फरवरी 2022 में किए गए हमले के बाद हुआ है। जहां इसी हफ्ते की शुरुआत में भी रूस ने यूक्रेन को 1,212 शव सौंपे थे, जबकि बदले में रूस को 27 शव मिले।

# इजराइल-ईरान में 8 घंटे भीषण लड़ाई, इजराइल ने परमाणु ठिकानों पर फिर हमला बोला, जवाब में ईरान ने 150 मिसाइलें दागीं

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल ने शुक्रवार देर रात भारतीय समयानुसार करीब 10:30 बजे ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इजराइली फाइटर जेट्स ने ईरान के परमाणु ठिकानों को दोबारा निशाना बनाया। इन हमलों में ईरान के 78 लोग मारे गए और 350 से ज्यादा घायल हुए। जवाब में ईरान ने 150 बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल की ओर दागीं। इनमें से 6 मिसाइलें राजधानी तेल अवीव में गिरीं, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 90 से ज्यादा लोग घायल हो गए। ईरानी मीडिया रिपोर्ट्स में इजराइली रक्षा मंत्रालय को भी निशाना बनाने का दावा किया गया। यह हमले भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह करीब 7:15 बजे तक जारी रहे। ईरान की ओर से हमले की आशंका के चलते इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया था। इजराइल ने एक दिन पहले शुक्रवार सुबह 5:30 बजे ईरानी परमाणु और कई मिलिट्री ठिकानों को निशाना बनाया था। इसमें 6 परमाणु वैज्ञानिक और 20 से ज्यादा मिलिट्री कमांडर्स मारे गए थे।



**इजराइली एयरफोर्स ने डेड सी के पास ईरानी ड्रोन मार गिराए :** इजराइली डिफेंस फोर्स ने बताया कि डेड सी और दक्षिणी वेस्ट बैंक के पास दागे गए कई ईरानी ड्रोनों को इजराइली एयरफोर्स ने मार गिराया। वहीं, इजराइल के किरयात शमोना और गैलिली पैनहैंडल में संदिग्ध ड्रोन घुसपैठ की चेतावनी वाले सायरन बज रहे हैं।

**जॉर्डन ने अपना एयरस्पेस फिर से खोला :** जॉर्डन ने स्थानीय समयानुसार सुबह 7:30 बजे से अपना एयरस्पेस दोबारा खोल दिया है। इससे पहले जॉर्डन ने कल इजराइल-ईरान में तनाव के बीच एयरस्पेस को बंद करने का फैसला किया था। जॉर्डन सरकार के प्रवक्ता मोहम्मद अल-मोमानी ने कहा था कि देश अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन नहीं होने देगा और न ही इसे किसी भी संघर्ष का मैदान बनने देगा।

**ईरान ने परमाणु समझौते पर चर्चा को बताया बेकार :** ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इस्राइल के हमले के बाद अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर चर्चा करना अर्थहीन है। ईरानी विदेश मंत्रालय के इस बयान से रविवार को दोनों देशों के बीच ओमान में होने वाली बैठक खटाई में पड़ गई है। हालांकि मंत्रालय को बातचीत को पूरी तरह से खारिज नहीं किया। मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने कहा कि अमेरिका ने जो किया है, उसके बाद बातचीत करना बेकार है। उन्होंने कहा कि इस्राइल ने हमला कर सभी रेड लाइन क्रॉस कर दी हैं।

**ईरान के इस्राइल पर हमले में तीन की मौत :** ईरान ने शनिवार की सुबह इस्राइल पर मिसाइल हमला किया। इस हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हुई है और दर्जनों घायल हुए हैं। तेल अवीव में एक महिला की मौत हुई है। सेंट्रल इस्राइल में हुए मिसाइल हमले में दो लोगों की मौत हुई थी। सेंट्रल इस्राइल में हुए हमले में 19 लोग घायल भी हुए हैं। इस्राइल का कहना है कि चार मकान बुरी तरह से तबाह हुए हैं।

**ईरान का एयरस्पेस बंद, इंडिगो ने जारी किया बयान :** भारतीय एयरलाइंस ने बयान जारी कर बताया है कि ईरान और इस्राइल के संघर्ष के चलते ईरान के आसपास का एयरस्पेस बंद है, जिसके चलते कुछ फ्लाइट्स के रास्तों में बदलाव हो सकता है। इसके चलते यात्रा का समय बढ़ सकता है। इंडिगो ने यात्रियों से अपील की कि वे अपनी फ्लाइट का स्टेटस एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले वेबसाइट या मोबाइल एप पर चेक करते रहें। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस्राइल और ईरान से संघर्ष रोकने की अपील की है। यूएन चीफ ने कहा कि इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए, जिसके बाद ईरान ने तेल अवीव पर मिसाइल अटैक किए। अब बहुत हुआ। इसे रोकने का समय आ गया है। शांति और कूटनीति के साथ बात होनी चाहिए। इस्राइल के ईरान पर हमले को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शानदार बताया और चेताया कि अभी बहुत कुछ होना बाकी है। ट्रंप ने कहा कि यह शानदार है। हमने उन्हें (ईरान) मौका दिया, लेकिन उन्होंने लिया ही नहीं। अब उन्हें बड़ा झटका लगा है और अभी बहुत कुछ होना बाकी है। ईरान ने तेल अवीव में भी मिसाइलों से इमारतों को निशाना बनाया है। वहीं, इस्राइल के राष्ट्रीय आपातकालीन चिकित्सा, आपदा, एम्बुलेंस और रक्त बैंक सेवा के मैगन डेविड एडोम ने कहा कि इस्राइल पर ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले में करीब 22 लोग घायल हुए हैं। दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। वहीं दो की हालत मध्यम है, जबकि बाकी लोगों को हल्की चोटें आई हैं। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि ईरानी हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, वहीं 70 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

## इजरायली हमले से ईरान के साथ परमाणु समझौता करने में मिल सकती है मदद : ट्रंप

**ह्यूस्टन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मानना है कि इजरायली हमले से उनके प्रशासन को ईरान के साथ परमाणु समझौता करने में मदद मिल सकती है। मीडिया आउटलेट एक्सियोस ने जब ट्रंप से पूछा कि क्या इजरायल की बमबारी ने समझौते को खतरे में डाला? इस पर ट्रंप ने कहा, मुझे ऐसा नहीं लगता। शायद इसके विपरीत। शायद अब वह गंभीरता से बातचीत करेंगे। मैं उन्हें 60 दिनों में डील करने के लिए राजी नहीं कर सका। वह डील के करीब थे, उन्हें यह करना चाहिए था। शायद अब यह हो जाएगा। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने एक्सियोस की रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि ट्रंप ने हमले के बाद पहली बार शुक्रवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर हुई इस बातचीत का विवरण देने से इनकार कर दिया है। वह इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहते थे कि नेतन्याहू ने संयुक्त राज्य अमेरिका से सीधे ऑपरेशन में शामिल होने के लिए कहा था या नहीं। शुक्रवार को ट्रंप ने कई मीडिया आउटलेट्स को इंटरव्यू दिए। इस दौरान ट्रंप ने बार-बार ईरान से इजरायल के आगे के हमलों से बचने के लिए परमाणु समझौता करने का आग्रह किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यह और भी नृशंसहोगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने एनबीसी न्यूज से कहा, उन्होंने डील करने का मौका गंवा दिया। अब उनके पास एक और अवसर होसकता है। हम देखेंगे। ट्रंप ने रॉयटर्स से कहा, वह अभी भी एक डील कर सकते हैं। अभी बहुत देर नहीं हुई है। ट्रंप ने शुक्रवार सुबह अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पोस्ट में लिखा, ईरान को एक डील करनी चाहिए, इससे पहले कि कुछ भी न बचे। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी विदेश विभाग ने कतर और कई अन्य अमेरिकी मध्य पूर्व सहयोगियों को इजरायल के ईरान पर हमला करने से कुछ घंटे पहले सूचित किया था। ट्रंप ने शुक्रवार को वाशिंगटन पोस्ट को बताया कि उन्हें पहले ही पता था कि इजरायल ईरान पर हमला करेगा। उन्होंने कहा, मुझे तारीख पता थी, क्योंकि मैं सब कुछ जानता हूं। मैं सब कुछ जानता हूं। मैं सब कुछ जानता हूं।

## कार्लो के रूप में ईसाइयों को मिलेगा पहला मिलेनियल संत; पोप देंगे उपाधि, गॉड इंफ्लूएंसर के तौर पर पहचान

**रोम, एजेंसी।** इतावली मूल के कार्लो एक्यूटिस को पोप लियो सात सितंबर को संत की उपाधि प्रदान करेंगे। वह संत बनने वाले पहले मिलेनियल होंगे। 21 अप्रैल 2025 को पोप फ्रांसिस की मृत्यु के बाद इसे कुछ समय के लिए स्थगित कर दिया गया था। शुक्रवार को पोप लियो 14वें ने घोषणा की कि कार्लो एक्यूटिस को 7 सितंबर को संत घोषित किया जाएगा। बता दें कि कार्लो एक्यूटिस को गॉड इंफ्लूएंसर कहा जाता है। वह संत की उपाधि पाने वाले पहले मिलेनियल (1981-1996 के बीच जन्में) होंगे। 3 मई 2006 को लंदन में जन्में कार्लो की 15 साल की उम्र में ल्यूकीमिया से मौत हो गई थी। मृत्यु के दो दशक बाद उन्हें संत की उपाधि दी जाएगी। रोमन कैथोलिक चर्च में किसी भी उम्र के शख्स को संत की उपाधि दी जाती है, हालांकि ये दर्जा उनके निधन के बाद ही दिया जाता है। कार्लो बचपन से ही दूसरे बच्चों से अधिक धार्मिक थे। उन्होंने काफी कम उम्र में ही कोडिंग सीख ली थी और एक वेबसाइट बनाकर कैथोलिक सोसायटी में हो रहे चमत्कारों को एकसाथ लिस्ट किया था और चर्च की शिक्षाओं को फैलाया था। द सन की एक रिपोर्ट के मुताबिक कार्लो ने चमत्कारिक ढंग से 2 लोगों की जानें बचाई थीं। पहला मामला कोस्टा रिका की लिलियाना नाम की एक महिला से जुड़ा है।

# ईरान ने इजरायल पर दागी मिसाइलें, बढ़ते टकराव के बीच एनएससी की आपात बैठक

**संयुक्त राष्ट्र , एजेंसी।** ईरान ने अपनी न्यूक्लियर फैसिलिटी और नेताओं पर हमले का बदला लेते हुए इजरायल पर मिसाइलों की बरसात कर दी है। सुरक्षा परिषद ने इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी (आईएईए) के शीर्ष अधिकारी को चेतावनी दी है कि न्यूक्लियर फैसिलिटी पर हमलों के गंभीर परिणाम हो सकते हैं। आईएईए के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी ने कहा, न्यूक्लियर फैसिलिटी की सुरक्षा को खतरे में डालने वाली कोई भी सैन्य कार्रवाई ईरान, क्षेत्र और उससे बाहर के लोगों के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। आईएईए की जनरल काउंसिल ने कहा है कि न्यूक्लियर फैसिलिटी पर सैन्य हमले यूएन चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं। संयुक्त राष्ट्र की अंडर सेक्रेटरी जनरल रोजमेरी डिकार्लो ने ईरान के अनुरोध पर बुलाई गई काउंसिल की आपातकालीन बैठक में कहा, हमें हर कीमत पर बढ़ते संघर्ष से बचना चाहिए, जिसके वैश्विक परिणाम बहुत घातक होंगे। रोजमेरी डिकार्लो ने कहा कि रविवार को ओमान में वाशिंगटन और तेहरान के बीच वार्ता फिर से शुरू होने के साथ ही महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटनाक्रम के चलते इजरायल ने ईरान पर हमला किया। ईरान ने इस वार्ता से खुद को अलग कर लिया है। डिकार्लो ने कहा, ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम की



शांतिपूर्ण प्रकृति को सुनिश्चित करने के लिए वार्ता के जरिए शांतिपूर्ण समाधान सबसे अच्छा विचार है। अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मैककॉय पिट ने बताया कि अमेरिका अभी भी बातचीत को तैयार है। उन्होंने कहा, हम शांति चाहते हैं। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा- हिंसा खत्म होनी चाहिए और ईरान को एक समझौता करना चाहिए, ताकि कोई और मौत, कोई और विनाश न हो।

संयुक्त राज्य अमेरिका एक राजनयिक समाधान की तलाश जारी रखेगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि ईरान कभी भी न्यूक्लियर वैपन हासिल न करे, या मिडल ईस्ट में स्थिरता के लिए खतरा पैदा न करे। इस समय ईरान के नेतृत्व के लिए बातचीत करना बुद्धिमानी होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान, उन्होंने कुछ अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने के बदले में ईरान के न्यूक्लियर बम के लिए सामग्री का उत्पादन करने के कार्यक्रम को रोकने हेतु एक अंतरराष्ट्रीय समझौते से खुद को अलग कर लिया था।

## बांग्लादेश में कोविड से दो और लोगों की मौत, 15 नए मामले सामने आए

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में शुक्रवार को पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड-19 से दो नई मौतें दर्ज की गईं। इस वर्ष कोविड-19 से पहली मृत्यु 5 जून को दर्ज की गई, जब राजधानी ढाका में एक व्यक्ति की इस संक्रामक बीमारी से मौत हो गई। इसके अलावा, कोविड-19 के 15 नए मामले भी सामने आए हैं। इसके साथ ही शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 8 बजे तक 24 घंटे में दैनिक परीक्षण सकारात्मकता दर बढ़कर 8.62 प्रतिशत हो गई। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला है कि पिछले 24 घंटे में 174 नमूनों का परीक्षण किया गया। देश की अंतरिम सरकार ने अपने एक बयान में कहा कि वह संक्रामक रोग के खिलाफ लोगों की कमजोर होती प्रतिरक्षा को बढ़ाने के लिए कोविड-19 वैक्सीन की खुराक देने के लिए जल्द ही एक अभियान की योजना बना रही है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के महानिदेशक अबू जाफर ने बुधवार को कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं और



सह-रुग्णताओं से पीड़ित लोगों को टीका लगाने के लिए अभियान शुरू किया जाएगा। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने बताया कि टीकाकरण अभियान के लिए डीजीएचएस के पास लगभग 17 लाख कोविड-19 वैक्सीन का स्टॉक है। कई दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में कोविड-19 संक्रमण में फिर से वृद्धि के बीच, बांग्लादेशी अंतरिम सरकार ने पहले ही लोगों से उन गंतव्यों की यात्रा करने से परहेज करने को कहा है, जब तक कि बिल्कुल आवश्यक न हो। स्वास्थ्य मंत्रालय के अंतर्गत डीजीएचएस ने भी संबंधित अधिकारियों को संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए सभी बंदरगाहों पर स्वास्थ्य जांच और निगरानी उपायों को बढ़ाने का निर्देश दिया है। सोमवार को जारी निर्देशों में कहा गया है कि कई पड़ोसी देशों में कोरोना वायरस के नए सबवेरिएंट फैल रहे हैं। बांग्लादेश में मंगलवार सुबह तक 13 नए कोविड-19 मामले सामने आए और बुधवार को देश में 10 नए कोविड मामले सामने आए।

## लंदन में मोहम्मद यूनुस और बीएनपी नेता तारिक रहमान की मुलाकात

**लंदन, एजेंसी।** बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता के बीच कार्यवाहक सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शुक्रवार को लंदन में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष तारिक रहमान से एक गोपनीय मुलाकात की। यह बैठक यूनुस की ब्रिटेन यात्रा के दौरान हुई। बैठक ऐसे समय में हुई है जब बांग्लादेश में आगामी राष्ट्रीय चुनावों को लेकर राजनीतिक दलों के बीच मतभेद और गहरा रहे हैं। बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया कि तारिक रहमान ने यूनुस से 2026 के रमजान से पहले चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने यह भी कहा कि बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया भी इस राय से सहमत हैं। इसके जवाब में यूनुस ने स्पष्ट किया कि वह पहले ही अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में चुनाव कराने की घोषणा कर चुके हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी बताया कि यदि आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी हो जाती हैं, तो चुनाव रमजान शुरू होने से एक सप्ताह पहले भी कराए जा सकते हैं। इसके लिए सुधार और न्याय व्यवस्था में पर्याप्त प्रगति जरूरी होगी। उल्लेखनीय है कि यह तारिक रहमान और यूनुस के बीच उनकी 2008 में लंदन प्रवास के



बाद पहली निजी मुलाकात थी। रमजान अगले साल मध्य फरवरी में शुरू होने की संभावना है। इसी बीच बीएनपी के शीर्ष नेता लगातार दिसंबर 2025 तक चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। लंदन से वर्चुअल रैलियों में संबोधित करते हुए तारिक रहमान भी इस मांग को दोहरा चुके हैं। हाल ही में यूनुस ने राष्ट्र के नाम अपने ईद संबोधन में कहा था, मैं देशवासियों को सूचित करता हूं कि अगला आम चुनाव अप्रैल 2026 के पहले पखवाड़े में होगा। उन्होंने यह भी कहा था कि निर्वाचन आयोग उपयुक्त समय पर चुनावी रोडमैप प्रस्तुत करेगा।

## फ्रांस में पहले स्थानीय चिकनगुनिया मामले की पुष्टि, स्वास्थ्य अधिकारी इलाके की कर रहे जांच

**पेरिस , एजेंसी।** फ्रांस में स्वास्थ्य अधिकारियों ने इस साल का पहला स्थानीय रूप से प्रसारित चिकनगुनिया का मामला दर्ज किया है। चिकनगुनिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, प्रोवेंस-आल्प्स-कोट दअज़्यूर (पीएसीए) की क्षेत्रीय स्वास्थ्य एजेंसी (एआरएस) ने बताया कि चिकनगुनिया का पहला मामला फ्रांस के दक्षिणी इलाके वर के एक शहर ला क्रो में मिला है। एआरएस ने कहा, किसी मामले को स्थानीय तब कहा जाता है जब किसी व्यक्ति को यह बीमारी देश के अंदर ही हुई हो और उसने लक्षणों के शुरू होने से 15 दिन पहले किसी संक्रमित इलाके की यात्रा न की हो। अगर चिकनगुनिया का मामला यात्रा से जुड़ा नहीं है, तो इसका मतलब है कि जो मच्छर यह वायरस फैलाते हैं, वे देश के अंदर ही मौजूद हैं। मामले सामने आने के बाद इलाके के स्वास्थ्य अधिकारी घर-घर जाकर जांच कर रहे हैं ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं और किसी व्यक्ति में चिकनगुनिया के लक्षण तो नहीं हैं। एआरएस ने कहा, बीमारी को फैलने से रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। फ्रांस के बाहर स्थित ला रियूनियन द्वीप पर चिकनगुनिया का प्रकोप काफी बढ़ गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस साल की शुरुआत से अब तक द्वीप पर 53,749 लोग इस बीमारी से संक्रमित हो चुके हैं और 23 लोगों की मौत हो गई है। इसे देखते हुए अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने हाल ही में कई देशों में चिकनगुनिया के प्रकोप के चलते एक यात्रा संबंधी सलाह जारी की है। इनमें केन्या,



मेडागास्कर, मॉरिशस, मायोट, रीयूनियन, सोमालिया और श्रीलंका शामिल हैं। सीडीसी ने कहा, चिकनगुनिया वायरस से संक्रमित ज्यादातर लोगों में कुछ लक्षण विकसित होते हैं। मच्छर के काटने से खुद को बचाकर आप इस बीमारी से बच सकते हैं। इसके लिए कीटनाशक का इस्तेमाल करें, लंबे बाजू की शर्ट और पैंट पहनें, और ऐसे जगहों पर रहें जहां एयर कंडीशनिंग हो या खिड़कियों और दरवाजों पर जाली लगी हो। सीडीसी ने उन यात्रियों को भी टीका लगवाने की सलाह दी है जो चिकनगुनिया बीमारी फैलने वाले इलाके में जा रहे हैं। चिकनगुनिया एक वायरल बीमारी है जो मच्छरों के काटने से इंसानों में फैलती है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, थकान, सिरदर्द और शरीर पर दाने शामिल हैं।

# 17 जून से क्रिकेट में होंगे बड़े बदलाव, आईसीसी ने कर दी घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) ने पुरुषों के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खेल की परिस्थितियों में बड़े बदलावों की घोषणा की है। टेस्ट मैचों के लिए 17 जून, वन-डे इंटरनेशनल (ODI)के लिए 2 जुलाई और टी20 इंटरनेशनल के लिए 10 जुलाई को नियम परिवर्तन लागू किए जाएंगे। इन बदलावों की सिफारिश ICC पुरुष क्रिकेट समिति ने की थी और रिपोर्ट के अनुसार मुख्य कार्यकारी समिति ने इन्हें मंजूरी दी थी। मुख्य अपडेट में ODI में गेंदों के इस्तेमाल के बारे में एक नया नियम और कन्कशन सब्सटीट्यूट के लिए एक अपडेटेड प्रोटोकॉल शामिल है।

### वनडे मैचों में 34 ओवर के बाद सिर्फ एक गेंद का इस्तेमाल

अब तक वनडे में दोनों छोर से दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता रहा है। लेकिन नए नियम के तहत 34वें ओवर के बाद बदलाव होगा। पारी की शुरुआत से लेकर 34वें ओवर के अंत तक दो गेंदों का इस्तेमाल किया जाएगा, दोनों छोर से एक-एक। हालांकि 35वें ओवर से लेकर पारी के अंत तक, गेंदबाजी टीम द्वारा दो में से केवल एक गेंद का चयन किया जाएगा और दोनों छोर से उसका इस्तेमाल किया जाएगा। अगर मैच शुरू होने से पहले 25 ओवर या उससे कम का हो जाता है, तो शुरू से केवल एक नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा। बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बेहतर संतुलन लाने के लिए ICC ने यह बदलाव किया है।

### सभी प्रारूपों में कन्कशन रिप्लेसमेंट के लिए नए नियम

ICC ने कन्कशन सब्सटीट्यूट नियम को भी संशोधित किया है ताकि इसे और अधिक संरचित बनाया जा सके और मैचों के दौरान किसी भी तरह की उलझन से बचा जा सके। अब से टीमों को खेल शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच संभावित सब्सटीट्यूट खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। इस सूची में प्रत्येक विशिष्ट भूमिका के लिए एक खिलाड़ी, एक बल्लेबाज, एक विकेटकीपर, एक तेज गेंदबाज, एक स्पिनर और एक ऑलराउंडर शामिल होना चाहिए।

यह बदलाव हाल के मैचों में कुछ विवादास्पद क्षणों के बाद आया है। उदाहरण के लिए इस साल जनवरी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एक टी20आई मैच के दौरान बल्लेबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे की जगह गेंदबाजी ऑलराउंडर हर्षित राणा को शामिल किया था। राणा ने तीन विकेट लिए जिससे इस तरह के प्रतिस्थापन की निष्पक्षता के बारे में बहस छिड़ गई।

नया नियम ऐसी स्थितियों को रोकेगा क्योंकि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि केवल समान विकल्प की अनुमति दी जाए। यदि नामित कन्कशन विकल्प भी घायल हो जाता है, तो मैच रेफरी मूल पांच में से किसी एक प्रतिस्थापन को मंजूरी दे सकता है, लेकिन केवल तभी जब वह उसी खेल भूमिका से मेल खाता हो।

इन बड़े बदलावों के अलावा ICC




मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (MCC) से एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण अपडेट भी अपना रहा है। 'बनी हॉप' नियम के तहत क्षेत्ररक्षक सीमा के बाहर से कूदकर हवा में कैच ले सकते थे, अब ऐसा कैच अमान्य होगा। इसका उद्देश्य कैच को साफ-सुथरा बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि आउट निष्पक्ष और स्पष्ट रूप से सीमा के भीतर हों।

# युवा तेज गेंदबाज मार्को ऑलराउंडरों में हो सकते हैं शुमार: पोंटिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के युवा तेज गेंदबाज मार्को जेनसन भविष्य में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ऑलराउंडरों में शुमार हो सकते हैं। यह मानना है ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और आईसीसी हॉल ऑफ फेमर रिकी पोंटिंग का। पोंटिंग ने कहा कि जेनसन के पास गेंद और बल्ले दोनों से कमाल करने की काबिलियत है और वे अपने करियर के शुरुआती दौर में ही प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहे हैं। पोंटिंग ने जेनसन को नजदीक से तब देखा जब वे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोचिंग के दौरान उनके साथ जुड़े।

उन्होंने कहा कि जेनसन लंबी कद-काठी वाले खिलाड़ी हैं, लेकिन उनकी तकनीकी क्षमता और मानसिक संतुलन उन्हें खास बनाते हैं। लॉर्ड्स में चल रहे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन जेनसन ने ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को बुरी तरह झकझोर दिया। उन्होंने 14 ओवर में 49 रन देकर तीन अहम विकेट झटके, जिनमें मार्नस लैबुशेन और ट्रैविस हेड जैसे बल्लेबाज शामिल थे। दूसरे दिन उंगली में चोट लगने के बावजूद जेनसन मैदान पर लौटे और एक बार फिर लाबुशेन को 22 रन पर आउट कर यह दिखा दिया कि उनमें खेल के प्रति जबरदस्त जज्बा है। पोंटिंग ने कहा कि वह बेहद शांत स्वभाव के हैं और मैदान पर उतरने के बाद उनमें एक मजबूत प्रतिस्पर्धा की भावना नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। आईपीएल 2025 में जेनसन ने पंजाब किंग्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने विकेट भी चटकाए और जरूरत के समय उपयोगी रन भी बनाए।

भारत में उनके खेल को देख पोंटिंग को जेनसन की प्रतिभा पर भरोसा हो गया और उन्हें यह उम्मीद है कि वे आने वाले वर्षों में टेस्ट क्रिकेट के सबसे प्रभावशाली ऑलराउंडरों में शामिल होंगे। पोंटिंग ने अंत में कहा कि जेनसन अभी करियर की शुरुआत में हैं, लेकिन उनमें वह सब कुछ है जो किसी खिलाड़ी को महान बनाता है। वहीं, जेनसन ने भी पोंटिंग से मिली सीख को बेहद कीमती बताया और कहा कि उन्होंने खासकर मानसिक रूप से सकारात्मक सोचने की कला सीखी है। जेनसन के अनुसार, पोंटिंग हमेशा अच्छा देखने और सोचने की प्रेरणा देते हैं, जो उन्हें मैदान पर स्थिर और आत्मविश्वासी बनाए रखती है।

# सौरव गांगुली की गिल को सलाह... बुमराह का इस्तेमाल विकेट टेकर के रुप में करे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को बेहतर बनने के लिए भारतीय गुट को सलाह दी है। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम नए दौर की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम ने आगामी सीरीज के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व कप्तान गांगुली ने कहा है कि गिल को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान बुमराह को बतौर विकेट टेकर इस्तेमाल करना चाहिए।



गांगुली ने कहा, आपको देखना होगा और एक दिन में बुमराह से 12-13 ओवर से ज्यादा गेंदबाजी नहीं करने देनी है। गिल को बुमराह को इसतरह से इस्तेमाल करना चाहिए। मुझे लगता है कि चार तेज गेंदबाज महत्वपूर्ण हैं। यहां, दूसरों को सिराज, अर्शदीप जैसे योद्धाओं की जरूरत होगी। नितीश या शार्दुल ठाकुर के बारे में निश्चित नहीं हूं। शायद वे बल्ले से कुछ रन बना सकें, लेकिन मुझे लगता है कि भारत को सात बल्लेबाजों का साथ देना चाहिए और विशेषज्ञ गेंदबाजों की जरूरत है, क्योंकि हमें टेस्ट मैच जीतने के लिए 20 विकेट चाहिए।

6 माह बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा के दौरान बताया था कि मेडिकल टीम से मिले परामर्श के अनुसार 31 वर्षीय बुमराह सभी पांच टेस्ट मैचों में नहीं खेलने वाले है। पांच मैचों की इस टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून को लीड्स में होगा।

इंग्लैंड सीरीज के लिए भारत की टेस्ट टीम- शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# भूटिया ने फुटबॉल महासंघ के प्रमुख कल्याण के आरोपों को खारिज किया

**कोलकाता (एजेंसी)।** दिग्गज फुटबॉलर और भारतीय टीम के पर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया और अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) प्रमुख कल्याण चौबे में आजकल घमासान छिड़ा है। एएफसी एशियाई कप क्वालिफाइंग दौर के मैच में हांगकांग के हाथों भारतीय टीम की हार के बाद जहां भूटिया ने एआईएफए प्रमुख पर भारतीय फुटबॉल को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह अपना पद छोड़ दें। वहीं इसके बाद कल्याण ने भी पलटवार करते हुए भूटिया पर

अपने स्वार्थ के लिए व्यावसायिक अकादमियां चलाने का आरोप लगाया है। जिन्हें भूटिया ने खारिज कर दिया है। कल्याण ने कहा कि वह अपने नाम से एक व्यावसायिक फुटबॉल स्कूल चलाते हैं। वह 20 अलग अलग शहरों में हैं। इस फुटबॉल स्कूल में खिलाड़ी 1000 से एक लाख रुपये तक का भुगतान करते हैं। उनसे एक हजार से 10000 रुपये तक महीना लिया जाता है। चौबे भूटिया फुटबॉल स्कूल का जिक्र कर रहे थे जिसकी देश भर में कई अकादमियां हैं। एआईएफएफ अध्यक्ष ने कहा कि ये पूरी तरह से निहित स्वार्थ है पूरी तरह से व्यावसायिक है। वे परिवारों की भावनाओं, लोगों की भावनाओं के साथ खेलकर लाभ उठा रहे हैं। लोग सोचते हैं कि उस




व्यक्ति ने भारतीय फुटबॉल को उच्चतम स्तर पर पहुंच बनाई है और अगर मैं उनकी अकादमी का हिस्सा बन सकता हूं तो मैं भी एक अच्छा फुटबॉल खिलाड़ी बन जाउंगा जो सही नहीं है। वहीं भूटिया ने चौबे के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि चौबे को इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि अकादमी कैसे चलाई जाती है। उन्होंने कहा है कि उन्होंने अपने फुटबॉल स्कूल अपनी मेहनत की कमाई से खोले हैं। इसके लिए उन्होंने राज्यों, केंद्र और कॉरपोरेट्स से कोई पैसा नहीं लिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि, पिछले दो सालों में बच्चों की मदद के लिए केवल कुछ ही प्रायोजक आए हैं। देश भर में मेरे स्कूलों में हर दिन 6000 से ज्यादा बच्चे खेलते हैं।फीस को लेकर जो आंकड़ा कल्याण ने बताया है वह सही नहीं है। फीस उतनी ही ली जाती है जिससे कि कोच का वेतन और मैदान का शुल्क दिया जा सके ।

# गौतम गंभीर की अनुपस्थिति में भारत को अस्थायी रूप से मिला नया मुख्य कोच

बेंगलुरु ।गौतम गंभीर अपनी मां को दिल का दौरा पड़ने के बाद भारत लौट आए हैं। उम्मीद है कि वे 20 जून तक वापस आ जाएंगे जिस दिन बर्मिंघम में भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच शुरू होगा। ऐसे में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण गौतम गंभीर की अनुपस्थिति में भारतीय क्रिकेट टीम की देखरेख करेंगे। फिलहाल शुभमन गिल की अगुवाही वाली टीम इंडिया बेकेनहैम में 4 दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच खेल रही है। लक्ष्मण पहले से ही इंग्लैंड में मौजूद हैं और गंभीर के इंग्लैंड लौटने तक उनकी भूमिका संभालेंगे। लक्ष्मण वर्तमान में भारत की अंडर-19 टीम की देखरेख कर रहे हैं जिसमें आयुष म्हात्रे और वैभव सूर्यवंशी जैसे सितारे हैं। अंडर-19 टीम को 17 जून से 23 जुलाई तक इंग्लैंड अंडर-19 टीम के खिलाफ 7 मैच खेलने हैं। इसका मतलब है कि लक्ष्मण की इंग्लैंड में मौजूदगी टीम इंडिया के साथ ही हुई। लक्ष्मण पहले भी अस्थायी तौर पर भारत के मुख्य कोच के तौर पर काम कर चुके हैं और एनसीए, इंडिया ए और अंडर-19 टीम के प्रमुख के तौर पर ज़्यादातर खिलाड़ियों के साथ काम कर चुके हैं, इसलिए सीनियर इंडिया टीम की देखरेख करना लक्ष्मण के लिए कोई समस्या नहीं होगी।

# हमने सवाल उठाने वालों को करार जवाब दिया : बावुमा



लंदन ।दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान टेम्बा बावुमा ने लॉर्ड्स में आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली जीत पर खुशी मनाने हुए कहा है कि हमारी टीम ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जो हमपर संदेह करते थे। बावुमा के अनुसर कई लोगों ने उनकी टीम के फाइनल में पहुंचने पर सवाल उठाये थे1 उनका कहना था कि टीम कमजोर विरोधियों को हराकर फाइनल तक पहुंची है1 मजबूत और भावनात्मक संदेश भेजा जिन्होंने उनके शिखर मुकाबले के रास्ते पर सवाल उठाए थे। बावुमा ने कहा '' एक टीम के रूप में हमने अपने को फाइनल में पहुंचाया। माना जाता है कि हमने कमजोर टीमों को हराया। यह उनके लिए है जो हम पर संदेह करते हैं। सवाल उठाने वालों ने निचली रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ उनकी जीत की ओर संकेत किया था पर उनकी टीम ने जीत के साथ ही करारा जवाब दिया। अंतिम दिन 278 रनों का पीछा करते हुए और लाल गेंद के क्रिकेट के सबसे बड़े मंच पर एक ऑस्ट्रेलियाई जैसी टीम को हराया। एडेन मार्करम ने इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार शतक लगाया। बावुमा ने अपने साथी बल्लेबाज मार्करम की तारीफ की और कहा उनकी पारी अविश्वसनीय थी। आंकड़े महत्वपूर्ण हैं, लेकिन हम चरित्र को देखते हैं और वह एडेन में है। हमारे लिए एक और बेहतरीन खिलाड़ी। कप्तान ने स्टार तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा की भी जमकर प्रशंसा की ।जिन्होंने फाइनल से पहले आलोचनाओं के घेरे में आने के बाद दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी करके मैच का रुख ही पलट दिया।

# खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर कोच मोर्कल ने जताया संतोष

**लंदन (एजेंसी)।** भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से प्रारंभ हो रहे पांच टेस्ट मुकाबले से पूर्व भारतीय खिलाड़ी ट्रेनिंग सेशन में जमकर पसीना बहा रहे हैं। ट्रेनिंग सेशन के दौरान टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष जताया है।

गेंदबाजी कोच ने इस बात पर जोर दिया है कि अभ्यास के साथ-साथ मैदान पर निरंतरता इंग्लैंड में महत्वपूर्ण होगी। बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर मोर्ने मोर्कल का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें मोर्कल ने कहा, अब तक के दो दिवसीय अभ्यास में, परिस्थितियां तेज गेंदबाजों के अनुकूल थीं। यह बल्लेबाजों के लिए एक परीक्षा थी, जो एक तरह से उन्हें आने वाले समय के लिए तैयार होने में भी मदद करती है। मुझे नहीं लगता कि विकेट में उतनी जान होगी, जितना हमने यहां अनुभव किया है।उन्होंने आगे कहा, बल्ले




और गेंद के बीच कशमकश काफी अच्छी रही है, लेकिन मुझे लगता है कि यह केवल इसलिए है क्योंकि विकेट में थोड़ी-सी जान है। जैसे ही विकेट सपाट हो जाता है, गेंदबाज पीछे हट जाते हैं। मैं उन्हें बताऊंगा कि केवल तब आक्रामकता दिखाएं, जब विकेट में बाउंस हो। जब विकेट सपाट हो, तब हमें अपना कैरेक्टर दिखाना होगा। गेंदबाजी कोच ने कहा, मुझे लगता है कि इंग्लैंड में निरंतरता महत्वपूर्ण है। जब हम अभ्यास करते हैं तो निरंतरता होती है। मैदान के बाहर निरंतरता होती है। यह जानना होता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर आपके लिए क्या बेहतर होगा। हमारे पास बहुत विविधता है, हमारे आक्रमण में विविधता है, अलग-अलग स्किल्स वाले खिलाड़ी हैं, इसलिए वे ऐसा कर सकते हैं और फिर भी बुनियादी बातों को अच्छी तरह से लागू कर सकते हैं।

मोर्केल ने कहा, कुल मिलाकर, अब तक की शुरुआत से खुश हूं। हम जिस तरह से लाल गेंद से नहीं खेले हैं, उसे देखते हुए मैं थोड़ा नर्वस था, लेकिन पिछले तीन दिनों में खिलाड़ियों की ट्रेनिंग देखना सुखद है। हमारे पास एक शानदार टीम है, ऊर्जा है, आपको इसकी जरूरत है। आपको टेस्ट सीरीज में आत्मविश्वास के साथ खेलने और टीम भावना रखने की जरूरत है। बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज के साथ भारतीय टीम 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत करने जा रही है।

# तमिलनाडु प्रीमियर लीग में एक गेंद पर तीन बार रनआउट का मौका हाथ से निकला



चेन्नई ।यहां जारी तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपील) 2025 के एक मैच में एक अनूठा वाकया सामने आया। यहां डिंडीगुल ड्रैगन्स और मदुरै पैंथर्स के बीच मैच में एक ही गेंद पर तीन बार रन आउट का मौका निकल गया। इस दौरान यहां अंपायर और बल्लेबाज तक हंसने लगे। इसका एक विडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इस मुकाबले में हालांकि डिंडीगुल ने मदुरै को नौ विकेट से हरा दिया। इस मैच में डिंडीगुल ड्रैगन्स के तेज गेंदबाज गणेशन पेरियास्वामी की वाइड यॉर्कर गेंद को गुरजपनीत सिंह ने कवर्स में मारा। डिंडीगुल के कप्तान रविचंद्रन अश्विन, जो कवर्स पर खड़े थे, ने गेंद को उठाया और नॉन-स्ट्राइकर एंड की तरफ फेंका पर पेरियास्वामी गेंद को नहीं पकड़ पाए। इससे मदुरै के बल्लेबाजों रन के लिए दौड़ पड़े। अश्विन के थ्रो के बाद डीप स्क्वायर लेग फील्डर ने गेंद को पकड़ा और स्ट्राइकर एंड की ओर फेंका जिसे इस बार विकेटकीपर बाबा इंदिराजीत पकड़ नहीं पाये। उसके बाद एक और थ्रो किया उसे भी पकड़ा नहीं जा सका। इस प्रकार डिंडीगुल ने एक ही गेंद पर तीन रनआउट के अवसर खो दिये।

# स्मिथ को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज तक फिट होने की उम्मीद



लंदन ।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को उम्मीद है कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टेस्ट सीरीज तक फिट हो जाएंगे। स्मिथ को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान उंगुली में चोट लग गयी थी। स्मिथ को ये चोट कैच लेने के प्रयास में लगी इसी कारण उन्हें तीसरे दिन के खेल के दौरान अपनी दाहिनी छोटी उंगली में डिस्लोकेशन के बाद अस्पताल ले जाया गया था। भेजा गया। स्मिथ के लिए रिकवरी काफी अच्छी रही है और उन्हें सर्जरी की जरुरत नहीं पड़ी। अब उनके वेस्टइंडीज के खिलाफ 25 जून से शुरू होने वाली आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में खेलने की संभावना है। स्मिथ ने कहा, मैं अब आठ सप्ताह तक स्प्लिंट में रहूंगा और शायद कुछ सप्ताह में मैं इसके साथ खेल सकूं। यह मेरी कार्यक्षमता और मैं क्या कर सकता हूं, इस पर निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा, गेंद मेरे हाथ में ठीक से नहीं गई और सौभाग्य से वहां कोई फ्रैक्चर नहीं था और यह सिर्फ त्वचा को चीरती हुई और खिसकती हुई चली गई जिससे मैं उस समय काफी दर्द महसूस कर रहा था। इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि हाल ही में उत्तरी लंदन के प्रसिद्ध स्थल पर मैचों को याद करते हुए अब उनके मन में मिश्रित भावनाएं हैं। उन्होंने कहा, अब इस जगह के साथ मेरा प्यार और नफरत का रिश्ता है। यहां मेरी कुछ अच्छी यादें हैं और कुछ अच्छी नहीं भी हैं। 2019 में जोफ्रा (आर्चर) की गेंद पर मेरे सिर पर चोट लगी थी और अब कल यहां भी मेरी उंगली टूट गई। लेकिन यह क्रिकेट खेलने के लिए एक शानदार जगह है और मैंने यहां इसका आनंद ।

# ऑस्ट्रेलियाई कोच मैकडॉनल्ड ने टीम में बदलाव के संकेत दिये

सिडनी ।ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूसीसी) फाइनल में अपनी टीम की हार पर निराशा जतायी है। कोच ने कहा कि अब नये डब्ल्यूसीसी चक्र में टीम बदलावों के साथ उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम लॉर्ड्स की दूसरी पारी में बल्लेबाजी में विफल रही थी। मार्नस लाबुशेन को उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत के लिए भेजा गया था जिससे वापसी कर रहे कैमरून ग्रीन को तीसरे नंबर पर उतारा जा सके पर ये प्रयोग विफल रहा। लाबुशेन रन बनाने में असफल रहे। उनके अलावा ख्वाजा और ग्रीन भी अधिक देर नहीं टिक पाये। मैकडॉनल्ड ने कहा, इस टेस्ट मैच से पहले पारी की शुरुआत को लेकर काफी बात हुई थी और मैं ओपनिंग संयोजन की जरूरत के बारे में बात कर रहा था। हमने वहां कुछ बदलाव किये पर अब समय आ गया है कि किसी को स्थायी तौर पर रखा जाये। हमको यह कहना होगा कि इस टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका बेहतर था। हमें उन सुधारों पर ध्यान देना होगा जो हमें करने की आवश्यकता है। इसमें कोई संदेह नहीं है। इस सत्र में लाबुशेन का औसत सिर्फ 27.82 रहा है, और ऐसे में उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली सीरीज में शायद ही जगह मिले। मैकडॉनल्ड ने जोर देकर कहा कि वह टीम के भविष्य का एक बड़ा हिस्सा हैं। उन्होंने कहा, उस उम्र में टेस्ट क्रिकेट में 45, 46 का औसत रखने वाला कोई भी खिलाड़ी महत्वपूर्ण है। हमारे पास ऐसे पुराने खिलाड़ी हैं जो शुरुआत की तुलना में अंत के करीब हैं। हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ी हैं जो आ रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर वह अगले 4 से 5 सालों तक अपने खेल को अच्छे क्रम में रख सकता है, तो वह उस बल्लेबाजी क्रम को मजबूत कर सकता है हालांकि इस बार वह बड़े स्कोर बनाने से रह गया है पर हमें विश्वास है कि वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ सकता है और इसलिए हम उसे टीम में रखते हैं।

# सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन का बड़ा कदम, नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा में बनाएगा 50 मैदान

**दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है और स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है। जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे।

दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया, ''इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।' पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था।

दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था। उन्होंने कहा, 'इसी तर्ज पर हमने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से खेल प्रतिभाओं को और बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं को समर्पित खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया।'

दुदावत ने कहा कि पहले चरण में 50 गांवों में इतने ही खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे और अगले चरण में इसे पूरे जिले में दोहराया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि 13 विभिन्न खेलों की सुविधाओं के साथ 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं जिनमें रनिंग ट्रैक, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का, लंबी कूद, वॉल क्लाइंबिंग आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वयं भी खेल के मैदानों का निर्माण कर सकता था लेकिन विचार यह था कि युवाओं और बच्चों को आकर्षित करने के लिए समुदाय और सचिन तेंदुलकर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों को इसमें शामिल किया जाए।

दुदावत ने कहा, 'लंबे समय में हम चाहते हैं कि अगला सचिन तेंदुलकर, नीरज चोपड़ा और पीटी उषा बस्तर से आएं।' अधिकारी ने कहा कि इस पहल के तहत अपने क्षेत्रों में खेल के बेहतरीन मैदान विकसित करने वाली पंचायतों को स्केटिंग पार्क से पुरस्कृत किया



जाएगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एक आवासीय खेल शहर भी बना रहा है जहां क्षेत्र के पदक जीतने की क्षमता वाले शीर्ष खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस खेल शहर में क्रिकेट, फुटबॉल और हॉकी के मैदान, स्विमिंग पूल और अन्य खेल सुविधाएं होंगी।

# सेंसेक्स की शीर्ष आठ कंपनियों का मार्केट कैप 1.65 लाख करोड़ घटा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**नई दिल्ली ।** पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सिर्फ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 47,075.97 करोड़ रुपये घटकर 14,68,777.88 करोड़ रुपये रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 30,677.44 करोड़ रुपये घटकर 10,10,375.63 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 21,516.63 करोड़ रुपये घटकर 19,31,963.46 करोड़ रुपये रही। वहीं भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 18,250.85 करोड़ रुपये घटकर 7,07,186.89 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड के बाजार पूंजीकरण में 16,388.4 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह घटकर 5,44,893.71 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 15,481.22 करोड़ रुपये घटकर 10,50,413.33 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी की बाजार हैसियत 13,693.62 करोड़ रुपये घटकर 5,93,379.66 करोड़ रुपये पर आ गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 2,417.36 करोड़ रुपये घटकर 5,80,052.09 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के विपरीत टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 22,215.06 करोड़ रुपये बढ़कर 12,47,190.95 करोड़ रुपये हो गया।

## बोइंग ने अहमदाबाद विमान हादसे के बाद चीन को 787-9 विमान दिया

**- बोइंग और जुनयाओ एयरलाइंस ने इस डिलीवरी पर टिप्पणी करने से किया इनकार**

**वाशिंगटन ।**

अहमदाबाद में हुए विमान हादसे के दो दिन बाद अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग ने चीन को एक नया 787-9 विमान सौंपा। इससे पहले अहमदाबाद में बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जिसमें 275 लोगों की मौत हुई थी। चीनी मीडिया के अनुसार बोइंग और जुनयाओ एयरलाइंस ने इस डिलीवरी पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। इसके बाद 9 जून को शियामेन एयरलाइंस के लिए भी एक बोइंग 737 मैक्स विमान चीन पहुंचा। मई में चीन ने विमान खरीदी पर लगाई थी रोक एक महीने पहले चीन ने अपनी एयरलाइन कंपनियों को बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी नहीं लेने के आदेश दिए थे। चीनी सरकार ने यह आदेश अमेरिका के 145 फीसदी टैरिफ के जवाब में दिया था। अमेरिका में बनने वाले विमान के पार्ट्स की खरीद रोकने का आदेश भी दिया था। हाल ही में दोनों देशों के बीच लंदन में दो दिन की बातचीत हुई, जिसमें टैरिफ दरों पर एक समझौता हुआ। बोइंग के लिए चीन एक महत्वपूर्ण बाजार कोरोना महामारी से पहले, बोइंग के लगभग एक तिहाई 737 विमान देश में डिलीवर किए जा रहे थे।



बोइंग के अनुमान के अनुसार अगले दो दशकों में चीन ग्लोबल एयरप्लेन डिमांड का 20 फीसदी हिस्सा होगा।

## अमेरिका में बिकने वाले 97 फीसदी आईफोन भारत में बने

**- मई महीने में ही भारत से क़रीब 1 बिलियन डॉलर के आईफोन अमेरिका भेजे गए**



**नई दिल्ली ।**

एपल ने अमेरिका में बिकने वाले अपने आईफोन की विपरीत स्थिति में सततता बनाए रखने के लिए भारत में नेटवर्क को मजबूत कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मार्च से मई 2025 के बीच, भारत से जितने भी आईफोन एक्सपोर्ट किए गए, उनमें से 97 फीसदी अमेरिका को भेजे गए हैं। एपल ने इन आईफोन को अमेरिका के लिए भारत में बनाने का निर्णय लिया है। ताजा आंकड़ों के अनुसार सिर्फ मई महीने में ही भारत से क़रीब 1 बिलियन डॉलर के आईफोन अमेरिका भेजे गए हैं। इससे पता चलता है कि एपल अब अमेरिकी बाजार के लिए भारत में आईफोन की मानवाहन कर रही है। डोनाल्ड ट्रम्प ने 23 मई को कहा था कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाती, तो उस पर 25 फीसदी का टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट में इसकी धमकी दी थी, जिसमें उन्होंने एपल के सीईओ टिम कुक को भी इस बारे में सूचित किया था। इससे पहले भारतीय बाजार में बिकने वाले 50 फीसदी आईफोन को अमेरिका भेजा जाता था। यह नया क़दम दरअसल एपल के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह कंपनी को ट्रम्प की डाकू पॉलिसी का सामना करने के लिए उसकी आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की जरूरत है।

## ब्याज दरों में कटौती के बाद हुआ निवेशकों का भरोसा मजबूत

**नई दिल्ली ।**

विदेशी निवेशकों का भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा ब्याज दरों में कटौती के बाद भरोसा मजबूत हुआ। यही वजह हैक कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में 3,346.94 करोड़ रुपए का निवेश किया।

नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई सप्ताह के पहले तीन कारोबारी सत्रों, 9 जून से 13 जून के दौरान भारतीय इक्विटी बाजार में सक्रिय खरीदार रहे। बाजार में सकारात्मक माहौल मुख्य रूप से आरबीआई द्वारा रेपो दर को 50 आधार अंकों से घटाकर 5.5 प्रतिशत करने के फैसले से जुड़ा था, जिसे कई लोगों ने आर्थिक विकास को समर्थन देने और बाजार में लिक्विडिटी में सुधार के स्पष्ट संकेत के रूप में देखा।

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि ब्याज दरों में इस आश्चर्यजनक कटौती ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने में बड़ी भूमिका निभाई है, क्योंकि यह केंद्रीय बैंक के विकास समर्थक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

6 जून को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के निर्णय का निवेशकों ने स्वागत किया है। निवेशकों ने इसे अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और कॉर्पोरेट आय में सुधार के लिए समय पर उठाया गया महत्वपूर्ण कदम माना। एक ओर जहां वैश्विक कारक बाजार की गतिविधियों को प्रभावित करना जारी रखते हैं, वहीं दूसरी ओर भारत अपनी मजबूत बुनियादी बातों, नीति समर्थन और बढ़ती अर्थव्यवस्था के कारण विदेशी निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना हुआ है।

विदेशी निवेशकों ने मई में भारतीय शेयर बाजार में 19,860 करोड़ रुपए निवेश किए, जिससे यह विदेशी निवेश के लिए साल का अब तक का सबसे अच्छा महीना बन गया। इस बीच, बाजार विश्लेषकों के अनुसार, इस सप्ताह भारतीय इक्विटी बाजार में उतार-चढ़ाव देखा गया और यह आखिरी कारोबारी दिन लाल निशान पर समाप्त हुआ।

हालांकि सप्ताह की शुरुआत अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति के कारण सकारात्मक रही, लेकिन इजरायल द्वारा ईरान की न्यूक्लियर साइट्स पर हमले करने के बाद यह आशावाद जल्दी ही खत्म हो गया। इस घटना ने वैश्विक निवेशकों के बीच सतर्कता की लहर पैदा कर दी, जिससे वे सोने और अमेरिकी बॉन्ड जैसी सुरक्षित परिसंपत्तियों की ओर बढ़ गए।

# एसबीआई कंजम्पशन ऑपर्च्युनिटीज फंडः अच्छे रिटर्न के साथ सर्वश्रेष्ठ फंडों में से एक

**मुंबई ।**

एसबीआई कंजम्पशन ऑपर्च्युनिटीज फंड, जिसे पहले एसबीआई एफएमसीजी फंड के नाम से जाना जाता था, ने विभिन्न अवधियों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिष्ठिता सिद्ध की है। इस फंड ने पिछले 26 वर्षों में 15.5 फीसदी का औसत वार्षिक रिटर्न देकर निवेशकों को खुश किया है। फंड का मुख्य उद्देश्य लॉन्ग टर्म कैपिटल ग्रोथ हासिल करना है और इस में भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी, जुबिलेंट फूडवर्क्स, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, और गणेश इकोस्पायर जैसे टॉप होल्डिंग्स हैं। फंड का सेक्टोरल एलोकेशन भी दृढ़ है, जिसमें उपभोक्ता विवेकाधीन क्षेत्रों में 46 फीसदी का निवेश किया जाता है। इसके बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने के लिए एसबीआई कंजम्पशन ऑपर्च्युनिटीज फंड के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विश्वसनीयता भी बढ़ाती है। फंड ने लंबी अवधि में निवेशकों के लिए सुविधाजनक रिटर्न प्रदान किया है और उन्हें अच्छा मुनाफा उठाने का अवसर दिया है। निवेशकों के लिए यह एक विकल्प हो सकता है जो दुनियाभर में उपभोक्ता गुड्स और सर्विसेज सेगमेंट में निवेश करना चाहते हैं।




## अमेरिका ने आव्रजन नीतियां ठीक से लागू नहीं कीं : जेपी मॉर्गन

**न्यूयॉर्क ।**

जेपी मॉर्गन चेस के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेमी डिमन ने योग्यता आधारित आव्रजन के लिए समर्थन जताते हुए कहा है कि अमेरिका ने आव्रजन नीतियों को ठीक से लागू नहीं किया है। उन्होंने कहा` कि अमेरिका अपरिहार्य है। यह अपरिहार्य नहीं है क्योंकि हम बेहतर हैं। यह अपरिहार्य है क्योंकि हमारे पास दुनिया की सबसे अच्छी सेना है, दुनिया का सबसे समृद्ध राष्ट्र है, दुनिया की सबसे अच्छी अर्थव्यवस्था है, सबसे अच्छी प्रौद्योगिकी है, उस प्रौद्योगिकी की जड़ें हैं, हमारे पास जो आजादी हैं। यही वह है जो लोगों को यहां खींच कर लाया है। उनकी टिप्पणी पिछले सप्ताह सैन फ्रांसिस्को में डेटा प्लस एआई समिट-2025 में डेटाब्रिक्स के सीईओ और सह-संस्थापक अली घोडसी के साथ बातचीत के दौरान आई। डिमन ने कहा ` कि अमेरिका की भूमिका अपरिहार्य है। वह भूमिका आर्थिक है, वह सैन्य है, वह शिक्षा है, वह लोगों को यहां आने, यहां रहने की इच्छा रखने, और अधिक योग्यता की अनुमति दे रही है। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है।



## मालदीव और भारत के बीच 40 करोड़ डॉलर अदला-बदली से विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा

**माले ।**

मालदीव में एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है, जो विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। भारत और मालदीव के बीच हुई 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की मुद्रा अदला-बदली के बाद सरकार ने इसे स्वीकार किया है। इस समझौते ने मालदीव की सीसी रेटिंग की पुष्टि कर दी है। भारतीय उच्चायोग ने इस समझौते की सराहना करते हुए कहा कि यह मालदीव के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि लाने में सहायक साबित होगा। इस अनुबंध के तहत 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लेन-देन हुआ, जिससे मालदीव को आर्थिक मजबूती मिल सकती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण (एमएमए) के बीच इस मुद्रा अदला-बदली के बारे में अक्टूबर 2024 को एक समझौता हुआ था। यह अनुबंध मालदीव के लिए फिच क्रेडिट रेटिंग द्वारा उल्लिखित बाहरी नकदी तनाव को कम कर सकता है। इस समझौते के माध्यम से, भारत और मालदीव के बाहरी भंडारों में सुधार होने की संभावना है, जिससे दोनों देशों को आर्थिक सुरक्षा मिल सकती है। यह समझौता भारत और मालदीव के बीच मजबूत आर्थिक मित्रता का संकेत हो सकता है।

## भारत के पर्यटन उद्योग विकास में तेजी से विदेशी मुद्रा आय में भी वृद्धि की संभावनाः रिपोर्ट

**- भारत एक प्रीमियम वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है**

**नई दिल्ली ।** भारतीय पर्यटन उद्योग के विकास में तेजी से बढ़ोतरी के साथ-साथ विदेशी मुद्रा आय में भी काफी वृद्धि की संभावना है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में विदेशी मुद्रा आय दर बढ़ी है और यह दर 2030 तक 4.5 लाख करोड़ को पार कर सकती है। इस बढ़ती दर से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में पर्यटन का हिस्सा भी सात प्रतिशत से अधिक हो सकता है। भारत में पर्यटन के विकास से न केवल रोजगार की स्थिति मजबूत हो रही है, बल्कि अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक प्रभाव दिख रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार भारतीय पर्यटन शीर्ष देशों में एक प्रमुख स्थान हासिल कर रहा है और मानव समृद्धि विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के पर्यटन क्षेत्र के इस विकास से ग्राहक और उद्योग दोनों ही फायदा उठा रहे हैं। आगामी वर्षों में इस क्षेत्र में नए यात्रा रुझान उभरकर आ रहे हैं, जो इनोवेटिव ट्रैवल बिजनेस के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहे हैं। इसके साथ ही, सरकार के पर्यटकों के समर्थन के प्रयास से भारत एक प्रीमियम वैश्विक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो रहा है। साथ ही पर्यटन उद्योग में प्रौद्योगिकी के संचालन से ग्राहकों को अधिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिससे उनकी संतुष्टि में वृद्धि हो रही है। आने वाले समय में सभी सेवाएं पूरी तरह से बहाल होने से पर्यटन क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में और भी सुधार हो सकता है।

# ईरान-इजरायल संघर्ष, अमेरिकी केंद्रीय बैंक के निर्णय से तय होगी बाजार की दिशा

**- वैश्विक बाजार का रुख और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निवेशक नजर रखेंगे**

**मुंबई ।**

इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की दिशा ईरान-इजरायल संघर्ष, ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों, मुद्रास्फीति के आंकड़ों और अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा है कि शुल्क से जुड़ी खबरें भी स्थानीय शेयर बाजार की चाल को प्रभावित कर सकती है। वैश्विक बाजार का रुख और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निवेशक नजर रखेंगे। पिछले सप्ताह शेयर बाजारों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला और भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के बीच बाजार नुकसान के साथ बंद हुआ। बाजार में जोखिम से बचने की भावना दिखाई दी। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और आपूर्ति में अड़चन की आशंका से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। बाजार के जानकारों ने कहा कि इजरायल-ईरान संघर्ष के बीच पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बाद भारतीय शेयर बाजारों का रुख वैश्विक बाजारों से तय होने की संभावना है। बाजार में निराशा देखने को मिल सकती है, जिससे निवेशक जोखिम वाली संपत्तियों से दूरी बना सकते हैं। इसके अलावा कारोबारी बुधवार को फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से पहले सतर्कता बरतेंगे। जापान और ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक भी अपनी ब्याज दरों की अलग-अलग घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा` कि आगे की ओर देखें तो




ऊंचे मूल्यांकन और भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच निवेशक सतर्कता बरतेंगे। अब सभी की नजरें आगामी फेडरल रिजर्व की बैठक पर है। भविष्य के नीतिगत संकेतों के लिए फेडरल रिजर्व की टिप्पणी और आर्थिक अनुमान पर सभी की नजर रहेगी। बाजार के एक अन्य जानकार कहते हैं` कि आगामी दिनों में भू-राजनीतिक अनिश्चितता और केंद्रीय बैंक की महत्वपूर्ण बैठकों के बीच बाजार में उतार-चढ़ाव रहने की आशंका है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आगामी नीतिगत निर्णय पर कड़ी नजर रखी जाएगी। घरेलू मोर्चे पर मानसून की प्रगति, कच्चे तेल की कीमतों के रुझान, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों और एफआईआई की गतिविधियों पर सभी का ध्यान रहेगा। कुल मिलाकर, हम उम्मीद करते हैं कि कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण बाजार में सुस्ती बनी रहेगी, जबकि उद्योग आधारित खबरों से विभिन्न क्षेत्रों की गतिविधियां प्रभावित होंगी।

## नेपाल ने भारतीय पारेषण लाइन से बांग्लादेश को बिजली निर्यात शुरू किया

**काठमांडू ।**

नेपाल ने भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात शुरू कर दिया है। नेपाल, भारत और बांग्लादेश ने तीन अक्टूबर, 2024 को नेपाल द्वारा उत्पादित बिजली को भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को निर्यात करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नेपाल के एक अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश को बिजली का निर्यात शनिवार आधी रात से शुरू हो गया है। समझौते के मुताबिक, नेपाल 15 जून से 15 नवंबर तक 40 मेगावाट बिजली का निर्यात करेगा। यह बिजली भारत की 400 केवी की मुजफ्फरपुर-बहरामपुर-भेरामारा पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को भेजी जाएगी। नेपाल और बांग्लादेश के बीच हुए द्विपक्षीय समझौते के मुताबिक, नेपाल प्रत्येक बिजली यूनिट के लिए 6.4 अमेरिकी सेंट लेगा। बांग्लादेश ने अगले पांच साल तक नेपाल से बिजली आयात करने पर सहमति जताई है।

## हीरो फिनकॉर्प ने आईपीओ पूर्व दोर में 260 करोड़ जुटाए

Hero FINCORP IPO

**नई दिल्ली ।**

हीरो मोटोकॉर्प की वित्तीय सेवा इकाई हीरो फिनकॉर्प ने अपने नए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) पूर्व नियोजन दौर में 260 करोड़ रुपये जुटाए हैं। इससे नए निर्गम का आकार 2,100 करोड़ रुपये से घटकर 1,840 करोड़ रुपये रह गया है। अब कुल आईपीओ 3,408 करोड़ रुपये है। इसमें मौजूदा निवेशकों की ओर से 1,568 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। पहले आईपीओ का कुल आकार 3,668 करोड़ रुपये था। कंपनी को मई में आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी मिली थी। आईपीओ दस्तावेजों के अनुसार, नए शेयरों की बिक्री से प्राप्त राशि का इस्तेमाल कंपनी का पूंजी आधार बढ़ाने के लिए किया जाएगा, ताकि भविष्य की कर्ज गतिविधियों के लिए कोष की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

# वैश्विक बाजारों में सुधार से घरेलू तेल तिलहन के भाव तेजी के साथ बंद

**- सरसों दादरी तेल का थोक भाव 250 रुपए बढ़कर 14,150 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद**

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में खाने के तेल के भाव में तेजी देखने को मिल रही है, जिसका सीधा असर घरेलू तेल-तिलहन बाजार में देखा जा रहा है। पिछले सप्ताह सोयाबीन तिलहन को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहनों की कीमतें पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार के साथ बंद हुए। शिकॉगो एक्सचेंज में 13 जून को सोयाबीन डीगम तेल के भाव में 56 डॉलर प्रति टन की बढ़ोतरी होने के बाद वहां बाजार में ऊपरी सर्किट लगाना पड़ा। इसके बाद डीगम के दाम में हुई बढ़ोतरी के असर से बाकी सभी तेल-तिलहन के दाम में तेजी देखी गई। घरेलू बाजार में भी सोयाबीन के दाम में मजबूती आई है, इसके अलावा सरसों, मूंगफली जैसे अन्य तेल-तिलहन के दाम भी मजबूत हो गए हैं। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 75 रुपये के सुधार के साथ 6,725-6,775 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 250 रुपये के सुधार के साथ 14,150 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 15-15 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,485-2,585 रुपये और 2,485-2,620 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। इसके साथ ही सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन के भाव मजबूत बंद हुए हैं। सीपीओ तेल का




दाम भी मजबूती के साथ 14,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसमें पामोलीन, पामोलीन एक्स कांडला तेल, बिनौला तेल के भाव भी बढ़े हैं। सूत्रों के मुताबिक इसमें सोयाबीन, मूंगफली और अन्य तेल-तिलहनों के भाव मजबूत बदलाव देखने को मिल रहा है।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा ने लॉन्च किया एक नया वैरिएंट स्कॉर्पियो-एन जेड4

**- जेड4 पेट्रोल ऑटोमेटिक की कीमत 17.39 लाख रुपए**

**नई दिल्ली ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपनी प्रसिद्ध एसयूवी, स्कॉर्पियो-एन का एक नया वर्शन, जेड4 ऑटोमेटिक लॉन्च किया है। यह नया वैरिएंट जेड2 के ऊपर प्रस्थापित किया गया है और इसके आने से स्कॉर्पियो-एन की ऑटोमैटिक वेरिएंट की कीमत में कमी आई है। जेड4 मॉडल में पहले सिर्फ मैनुअल गियरबॉक्स उपलब्ध था, लेकिन अब इसमें पेट्रोल और डीजल इंजन ऑप्शन के साथ 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन भी शामिल है। जेड4 पेट्रोल ऑटोमेटिक की कीमत 17.39 लाख रुपये है, जबकि डीजल ऑटोमेटिक की कीमत 17.86 लाख रुपये है। इस अपडेट से पहले स्कॉर्पियो-एन में ऑटोमैटिक गियरबॉक्स का ऑप्शन डीजल में जेड6 वेरिएंट और पेट्रोल में जेड8 सेलेक्ट वैरिएंट में था। नए जेड4 ऑटोमेटिक मॉडल की कीमत में दोनों वर्जनों में भारी कटौती हुई है। भारतीय बाजार में इसकी प्रतियोगिता है टाटा हैरियर और सफारी, जबकि इस कीमत में ह्युंडई क्रेटा और किया सेल्टोस भी शामिल है। स्कॉर्पियो-एन की पेट्रोल वेरिएंट में टर्बोचार्ज्ड इंजन है जो 203 एचपी पावर और 370 एनएम पीक टॉर्क उत्पन्न करता है। इसके खिलाफ, डीजल वेरिएंट में द्वाइ्2द्य इंजन है जो मैनुअल गियरबॉक्स के साथ 175 एचपी और 370एनएम पीक टॉर्क उत्पन्न करता है, जबकि ऑटोमैटिक वेरिएंट में 400 एनएम का टॉर्क होता है।



# पत्नी शूरा की प्रेग्नेंसी पर अरबाज ने तोड़ी चुप्पी

अरबाज खान और शूरा खुशहाल शादीशुदा जिंदगी जी रहे हैं। दोनों अपने परिवार का विस्तार कर रहे हैं। खान परिवार में जल्द नन्हा मेहमान आने वाला है। अरबाज खान की पत्नी शूरा खान काफी वक्त से अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में अब खुद अरबाज खान ने इस बारे में प्रतिक्रिया दी है।

## 2023 में रचाई अरबाज ने शूरा से शादी

अरबाज खान दूसरी बार पिता बनेंगे। बता दें कि शूरा एक्टर की दूसरी पत्नी हैं। अरबाज खान और उनकी पहली पत्नी मलाइका अरोड़ा का एक बेटा अरहान खान है। 2017 में मलाइका और अरबाज का तलाक हो गया। इसके बाद साल 2023 में अरबाज ने शूरा से शादी रचाई। एक बार फिर पिता बनने को लेकर अरबाज खान उत्साहित हैं।

## यह फ्रेश फीलिंग है

शूरा खान की प्रेग्नेंसी की खबरें जब से वायरल हुई हैं, तब से अरबाज खान ने पहली बार इस पर प्रतिक्रिया दी है। अरबाज खान ने कहा कि वे नर्वस हैं। साथ ही कहा कि इस समय हर कोई नर्वस होता है। अरबाज ने यह भी माना कि वह काफी समय बाद पिता बन रहे हैं, इसलिए यह उनके लिए फिर से एक फ्रेश फीलिंग है।

अरबाज खान ने आगे कहा, मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। यह मुझे खुशी और जिम्मेदारी का नया एहसास दे रहा है। मुझे यह पसंद आ रहा है। शूरा की प्रेग्नेंसी की चर्चा तब शुरू हुई जब उन्हें एक मैटरनिटी क्लिनिक के बाहर देखा गया। हालांकि, अब तक कपल ने इस खबर को गुप्त रखा है। अभी तक उन्होंने इस खुशखबरी का आधिकारिक एलान नहीं किया है। हालांकि, अब जब अरबाज खान ने हाल ही में शूरा की प्रेग्नेंसी पर जब बात की है तो उम्मीद की जा सकती है कि वे इस खबर की आधिकारिक पुष्टि कर सकते हैं।

अरबाज खान के वर्क फ्रंट की बात करें वे बतौर निर्माता दबंग 4 पर काम कर रहे हैं। वह फिल्म में माखनचंद पांडे की भूमिका भी निभा सकते हैं। अरबाज ने कहा, दबंग 3 और दबंग 4 के बीच का समय दूसरे और तीसरे भाग के बीच जितना लंबा नहीं होगा। हम इसे बनाने जा रहे हैं।

# जेनेलिया ने बताया क्यों उन्हें नहीं मिलते 'सितारे जमीन पर' जैसे रोल



अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सितारे जमीन पर' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। इस फिल्म में जेनेलिया आमिर खान के साथ उनकी पत्नी की भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म के जरिए जेनेलिया एक लंबे वक्त बाद बॉलीवुड की किसी बड़ी फिल्म में नजर आएंगी। हाल ही में जेनेलिया ने अपनी भूमिका के बारे में बताया कि इस किरदार के लिए उन्हें कई बार ऑडिशन देना पड़ा, जिससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। इसी दौरान जेनेलिया ने ये जरूर बताया कि आखिर क्यों उन्हें अब इस तरह के किरदार ऑफर नहीं हो रहे हैं।

## यह आमिर सर की महानता है, उन्होंने मुझमें कुछ देखा

'सितारे जमीन पर' में अपने किरदार सुनीता के बारे में बात करते हुए जेनेलिया ने कहा कि वो इस तरह के किरदार और भी करना चाहती हैं। फिल्मीमंत्रा मीडिया के साथ अपनी हालिया बातचीत में अभिनेत्री ने कहा, 'जब लोगों को पता चला कि मैं सितारे जमीन पर कर रही हूं, तो सभी ने कहा कि हे भगवान, कितनी किस्मतवाली हो तुम, आमिर खान की फिल्म कर रही हो। इस पर मैंने कहा, बेशक यह आमिर सर की महानता है कि उन्होंने मुझमें कुछ देखा। बेशक, उन्होंने मेरा ऑडिशन लिया। लेकिन आप भी ऐसा कर सकते हैं। आप मुझे कोई भूमिका भी दे सकते हैं।'

## 'फिल्म मेकिंग बदल गई, अब हमें अपनी सोच बदलने की जरूरत'

जेनेलिया ने आगे और निर्देशकों के उन्हें इस तरह के किरदार में न लेने के पीछे की वजह का जिक्र किया। अभिनेत्री ने 'सितारे जमीन पर' में उनके किरदार को लेकर प्रतिक्रिया देने वालों को संबोधित करते हुए कहा, 'आप भी मुझे ऐसे किरदारों में ले सकते हैं, लेकिन आप मानदंडों के अनुसार चलते हैं। शायद आपको लगता है कि मैं शादीशुदा हूं इसलिए मुझे इस किरदार की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि फिल्म मेकिंग बदल गई है। इसलिए हमारी मानसिकता भी बदलनी चाहिए।'

## सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण

अभिनेत्री ने आगे कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि अगर आप किसी खास उम्र का किरदार चाहते हैं, तो आपको उसी उम्र के किसी व्यक्ति को कास्ट करना चाहिए। जब हम किसी ऐसे अभिनेता को कास्ट करते हैं जो मेरे द्वारा निभाए गए किरदार से बहुत छोटा होता है, तो वे उस किरदार की छोटी-छोटी बातें नहीं समझ पाते। सही किरदार चुनना महत्वपूर्ण है। मुझे उम्मीद है कि सभी को अवसर मिलेंगे।

20 जून को रिलीज होगी सितारे जमीन पर

आरएस प्रसन्ना द्वारा निर्देशित स्पोर्ट्स कॉमेडी फिल्म सितारे ज़मीन पर 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म को लेकर आमिर लगातार जेनेलिया के साथ प्रमोशन में जुटे हैं। 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद आमिर इस फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। फिल्म में जेनेलिया आमिर की पत्नी के किरदार में नजर आई हैं।



# दिव्या दत्ता ने बताया क्यों रहना चाहती हैं कुंवारी

दिव्या दत्ता उन बॉलीवुड कलाकारों में से एक हैं जिन्होंने सुष्मिता सेन, तब्बू और सलमान खान जैसे सितारों की तरह बिना शादी के रहने का फैसला चुना। दिव्या ने हाल ही में अपने बातचीत में अपने इस फैसले को लेकर खुलकर बातें की हैं और बताया है कि आखिर ये ऑप्शन उन्होंने क्यों चुना।

दिव्या ने बातचीत में अपने विचारों को शेयर करते हुए कहा, अगर आपको एक अच्छा साथी मिल जाए तो शादी करना बहुत अच्छा है। अगर नहीं तो ज़िंदगी खूबसूरती से आगे बढ़ती है। एक बेकार सी शादी में बधे रहने से बेहतर है कि आप खुद ही खुद का ख्याल रखें। किसी रिश्ते में खुद को नीचा दिखाने की बजाय, खुद से प्यार करना बेहतर है। मेरी तरफ बहुत से मर्दों का अटेंशन खूब रहता है और मैं इसे इंजॉय करती हूं लेकिन रिश्ता तब बनना चाहिए जब आप कनेक्ट होते हैं। अगर आपको लगता है कि वह व्यक्ति आपका हाथ थाम सकता है। अगर ऐसा नहीं है तो मेरे आस-पास मेरे कई प्यारे दोस्त हैं और मैं अपने लिए वहां हूं।

## मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वॉलिफाइड हूं

उन्होंने आगे कहा कि वह शादी नहीं करना चाहती हैं। दिव्या ने कहा, मैं शादी नहीं करना चाहती लेकिन मुझे एक साथी चाहिए जिसके साथ मैं ट्रैवल कर सकूं और अगर नहीं तो भी मैं खुश हूं। आप जानते हैं, मेरे सबसे अच्छे दोस्त ने मुझे एक कोट भेजा - एक शख्स पूछता है- तुम सिंगल क्यों हो? तुम सुंदर, आकर्षक, देखभाल करने वाली हो तो मैंने कहा- मुझे लगता है कि मैं ओवर क्वॉलिफाइड हूं। एक समय आता है जब आप पूर्णता की तलाश बाहर करते हैं, जो जरूरी नहीं है। यह जरूरी नहीं है कि आप तभी पूर्ण होंगे जब एक अच्छा साथी आपके जीवन में आएगा। मुझे यह गलतफहमी थी। मैं अपने दिल की बात खुलकर कहती थी - लेकिन अब ऐसा नहीं है।

## दिव्या की आनेवाली फिल्म

दिव्या आखिरी बार फिल्म छावा में दिखीं। लक्ष्मण उटेकर निर्देशित इस फिल्म में विक्की कौशल ने छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाई थी, साथ ही अक्षय खन्ना ने सम्राट औरंगजेब और रश्मिका मंदाना ने येसुबाई भोंसले की भूमिका निभाई थी। वहीं अब दिव्या अगली बार अर्जुन रामपाल के साथ नास्तिक में नज़र आएंगी। शैलेश वर्मा द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म में इहाना ढिल्लन और हर्षाली मल्होत्रा भी हैं। फ़िल्म की रिलीज़ की तारीख अभी सामने नहीं आई है।

# क्या इब्राहिम अली की इस बात से प्रेशर फील करती हैं पलक तिवारी?



टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी भी फिल्मों में एक्टिंग कर रही हैं। वह अब तक दो फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।  पलक ने करियर की शुरुआत सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से की थी। हाल ही में वह फिल्म 'द भूतनी' में नजर आईं। मैशेबल इंडिया से की गई हालिया बातचीत में जब पलक तिवारी से पूछा गया कि क्या वह मौजूदा नए एक्टर्स  जैसे इब्राहिम अली खान, सुहाना खान और अनन्या पांडे की एक्टिंग से किसी तरह का प्रेशर फील करती हैं? पलक का जवाब था, 'प्रेशर लेकर काम करोगे तो वह बिल्कुल भी अच्छा नहीं होगा। फिर प्रेशर लेने का क्या फायदा।' पलक का इतना जरूर कहना है कि उनके साथ के एक्टर्स काफी सपोर्टिंग हैं।

# यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया में विक्की कौशल की 'नो एंट्री'




इस साल वैलेंटाइंस डे पर रिलीज हुई फिल्म 'छावा' की सफलता के बाद से अब तक इसके मुख्य कलाकार विक्की कौशल की कोई नई फिल्म घोषित नहीं हुई है। उनके पास इसके पहले से बन रही अब भी इकलौती फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली की 'लव एंड वॉर' ही है। इस बीच उनके करीबियों ने फिल्म जगत में ये बात फैलानी शुरू कर दी है कि विक्की को यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स में एक बड़ा किरदार मिल गया है।

यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया की अगली फिल्म 'वॉर 2' के पोस्ट प्रोडक्शन का काम इन दिनों जोरों पर है। बुधवार से फिल्म के मुख्य अभिनेताओं में से एक जूनियर एनटीआर ने अपनी डबिंग भी शुरू कर दी है। इस बीच मुंबई के एक अंग्रेजी अखबार में विक्की कौशल के यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स में शामिल होने की जैसे ही 'खबर' छपी, पूरे हिंदी फिल्म जगत में इसे लेकर बड़ी हलचल शुरू हो गई।  विक्की कौशल की फीस एकाएक दोगुनी हो जाने की चर्चाएं भी हिंदी फिल्म जगत में बीते कुछ महीनों से चल रही हैं। इस बीच इस नई सुरसुरी ने सबके कान और खड़े कर दिए। इस बारे में 'अमर उजाला' ने तहकीकात की तो पता चला कि ये बात अभी तक सच नहीं है। यशराज फिल्म्स ने इस बारे में कोई आधिकारिक बयान वगैरह तो जारी नहीं किया है लेकिन उनकी जासूसी दुनिया से जुड़े फिल्म जगत के एक विश्वस्त सूत्र ने बताया कि ऐसा कोई डेवलपमेंट अभी तक यशराज फिल्म्स में नहीं हुआ है।

तहकीकात के दौरान ये भी पता चला कि खुद विक्की कौशल ने इस बारे में अपनी तरफ से फीलर्स यशराज फिल्म्स को भेजे हैं। लेकिन, अभी कंपनी का पूरा ध्यान अगस्त में रिलीज हो रही अयान मुकर्जी निर्देशित ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी अभिनीत 'वॉर 2' पर ही है और इसके रिलीज होने के तुरंत बाद आलिया भट्ट और शर्वरी की इसी जासूसी दुनिया की अगली फिल्म 'अल्फा' को रिलीज करने की तैयारियां शुरू हो जाएंगी। यशराज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की फिल्म 'पठान 2' पर भी काम शुरू होने की चर्चाएं काफी दिनों से चलती रही हैं, लेकिन बताया जाता है कि शाहरुख खान के साथ अभी इस फिल्म की पटकथा पर बैठकें होनी बाकी हैं और ये फिल्म उनकी अपनी होम प्रोडक्शन फिल्म 'किंग' की शूटिंग पूरी होने के बाद ही शुरू हो सकेगी।

# रश्मिका की तारीफ में बोले नागार्जुन वो टैलेंट की पावरहाउस है



धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कुबेर' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। हाल ही में मुंबई में फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट हुआ, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई। इस दौरान सुपरस्टार नागार्जुन ने फिल्म की शूटिंग के अपने अनुभव और कलाकारों को लेकर बात की। नागार्जुन ने फिल्म के निर्देशक शेखर कम्मुला और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की भी तारीफ की।

## उत्तर भारत में मेरी फिल्मों को हमेशा मिली सराहना

इवेंट के दौरान नागार्जुन ने बोलते हुए कहा, जब भी मैं मुंबई आता हूं, एयरपोर्ट से होटल और इवेंट तक, हर जगह मुझे ऑडियंस का ढेर सारा प्यार और अपनापन मिलता है। लोग मुझसे हमेशा कुछ नया और बड़ा करने की उम्मीद रखते हैं। अपने करियर की शुरुआत से ही, चाहे वो 'शिव' हो, 'खुदा गवाह', 'क्रिमिनल', 'जख्म' या 'अंगारे', मुझे उत्तर भारत की ऑडियंस ने हमेशा सराहा है। नार्थ में मेरी डब फिल्में भी यहां खूब पसंद की गई हैं। यहां के लोगों का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं।

## पैन इंडिया सिनेमा ही भविष्य है

अभिनेता ने आगे कहा कि मैं उत्तर भारत की ऑडियंस का दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने दक्षिण भारत की फिल्मों को इतना प्यार दिया। आजकल हर कोई पूरे भारत की फिल्में देख रहा है और सराह रहा है। पैन इंडिया फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। कुबेर तमिल, तेलुगू और हिंदी में रिलीज होगी। मुझे लगता है, यही इंडियन सिनेमा का भविष्य है।

एक जैसे रोल बार-बार नहीं कर सकता

फिल्म के बारे में बात करते हुए नागार्जुन ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। जब मुझे यह ऑफर मिला, मैं सोच रहा था कि आगे क्या नया करूं। एक जैसे रोल बार-बार नहीं कर सकता। तभी शेखर कम्मुला, जिनके साथ मैं 15 साल से काम करना चाहता था, मेरे पास आए और बोले- क्या आप ये रोल करना चाहेंगे? मैंने बिना पूछे हां कर दी, क्योंकि मैं जानता था कि शेखर कम्मुला शानदार फिल्ममेकर हैं, उनकी इमोशंस बहुत सच्ची हैं। जब मैंने हां कहा तो शानदार स्टारकास्ट भी जुड़ गई। मुझे जिम सरभ के साथ काम करने का मौका मिला, जो कमाल के कलाकार हैं। उन्होंने मुझसे भी बेहतर तेलुगू डायलॉग बोले। दलिप साहब के साथ भी काम करना शानदार रहा।

## रश्मिका टैलेंट की पावरहाउस हैं

रश्मिका मंदाना की तारीफ करते हुए नागार्जुन ने कहा कि रश्मिका टैलेंट की पावरहाउस हैं। उनकी पिछली तीन साल की फिल्मोग्राफी शानदार रही है। उनकी फिल्में 2000-3000 करोड़ रूपए का कलेक्शन करती हैं। वह हम सभी से बेहतर हैं। वह बहुत मेहनती हैं। मैंने डबिंग थिएटर से ही उन्हें फोन कर उनकी तारीफ की। वह फिल्म में शानदार, स्पॉन्टेनियस और ऑडियंस को खूब हंसाने वाली हैं। फिल्म का हिस्सा बनने के लिए मैं उनका धन्यवाद करना चाहता हूं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in